


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22




वर्ष- 14 अंक - 169 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 3 अप्रैल 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## यात्रियों ने किया वंदे भारत एक्सप्रेस का स्पीड़ टेस्ट, 130 से 160 तक पहुंची रफ्तार

नईदिल्ली (एजेंसी)। देश की सबसे तेज दौड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस इन दिनों चर्चा में है। ट्रेन की स्पीड को लेकर यात्री रोमांचित है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भोपाल से नई दिल्ली के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ किया। रेलवे ट्रैक की पोजिशन के अनुसार इस ट्रेन की स्पीड़ को कंट्रोल कर रहा है। हालांकि यात्री ट्रेन को लेकर काफी उत्सुक हैं। इसी कड़ी में यात्रियों ने खुद ही ट्रेन का स्पीड टेस्ट किया। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसका एक वीडियो शेयर किया है जिसमें देखा जा सकता है कि किस प्रकार वंदे भारत एक्सप्रेस 160 की स्पीड़ पर पहुंच रही है।



दरअसल, देशभर में वंदे भारत ट्रेन का नेटवर्क बढ़ाने का काम तेजी से चल रहा है। यह ट्रेन अपनी रफ्तार, सुख-सुविधाओं और आरामदायक सफर के लिए जानी जाती है। इस बीच रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वंदे भारत ट्रेन का एक वीडियो शेयर किया। इसे अब तक 4 लाख से ज़्यादा व्यूज मिल चुके हैं। अश्विनी वैष्णव ने जो वीडियो शेयर किया है लिखा है- '140, 145, 150, 160 किमी प्रति घंटा। रफ्तार देश की हमारी Vande Bharat.'

वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे ट्रेन में कुछ यात्री सवार हैं। वे मोबाइल ऐप के जरिए ट्रेन की स्पीड को ट्रैक कर रहे हैं। स्पीड 132 किमी/घंटे से शुरू होती है और 160 किमी/घंटे तक जाती है। जैसे-जैसे ट्रेन की रफ्तार बढ़ती है, वैसे-वैसे यात्रियों का उत्साह बढ़ता जाता है। इस पोस्ट के कमेंट सेक्शन में सैकड़ों यूजर्स ने रिएक्ट किया। किसी ने रेलवे की तारीफ की तो किसी ने ट्रेनों की लेट-लतीफी का मुद्दा उठाया। वहीं, कुछ यूजर्स ने इसे गौरवान्वित करने वाला पल बताया।

### 11 वंदे भारत ट्रेनें दौड़ रही हैं पटरी पर

वर्तमान समय में कुल 11 वंदे भारत ट्रेनें पटरियों पर दौड़ रही हैं। जिनमें वाराणसी से नई दिल्ली, मैसूर से चेन्नई, मुंबई से गांधीनगर, विशाखापट्टनम से सिकंदराबाद, न्यू जलपाईगुड़ी से हावड़ा, नई दिल्ली से अंदौरा, माता वैष्णो देवी कटरा से नई दिल्ली, सोलापुर से मुंबई, शिरडी से मुंबई और बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेनें शामिल हैं। हाल ही में 11 वीं वंदेभारत एक्सप्रेस भोपाल से नईदिल्ली के बीच शुरू किया गया है।

## खास-खबर



### आईपीएल में आज चेन्नई-लखनऊ के बीच जंग, पिछली हार का बदला लेना चाहेगी धोनी ब्रिगेड

**चेन्नई ( एजेंसी )।** इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार (3 अप्रैल) को सिर्फ एक मुकाबले का आयोजन किया जाना है। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। चेन्नई सुपर किंग्स को पहले मुकाबले में गुजरात टाइटन्स ने पांच विकेट से हरा दिया था। वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ50 रनों से जीत हासिल की थी।

आईपीएल के इतिहास में दोनों टीमों के बीच अबतक सिर्फएक मुकाबला हुआ है। 31 मार्च, 2022 को मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में आयोजित मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने सुपर किंग्स को छह विकेट से मात दी थी। उस मैच में एविन लुईस ने 23 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 55 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता था। लुईस की दमदार पारी की बदौलत लखनऊ ने 211 रनों के टारगेट को तीन गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया।

### अंपायर ने दी 'नो बॉल' तो मैदान में ही चाकू घोंपकर मार डाला

**कटक ( एजेंसी )।** ओडिशा में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है. यहां क्रिकेट का एक मैदान युद्ध के मैदान में तब्दील हो गया। अंपायर को 'नो बॉल' देने का फैसला इतना भारी पड़ गया कि एक युवक ने उसकी धारदार चाकू से हत्या कर दी। मामला कटक के महिशिलांदा गांव का है। मृतक युवक की पहचान महिशिलांदा गांव के लकी राउत (22) के रूप में हुई है। आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया।

जानकारी के मुताबिक महिसलांदा में टूर्नामेंट चल रहा था. दोनों टीमें यानी ब्रह्मपुर और शंकरपुर सैकड़ों दर्शकों की मौजूदगी में मैच खेल रही थीं। अंपायर ने ब्रह्मपुर टीम के खिलाफ गलत फैसला दे दिया। अंपायर के इसी फैसले से गांव का स्मृति रंजन राउत नाम का एक युवक नाराज हो गया। वह अंपायर से बहस करने लगा. धीरे-धीरे विवाद बढ़ता चला गया। इसी दौरान स्मृति रंजन ने मैदान में ही अंपायर पर चाकू से एक के बाद एक हमले शुरू कर दिए। इससे अंपायर बुरी तरह से घायल हो गया। आनन-फानन में एससीबी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने अंपायर को इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### रायपुर में स्कूलों का समय बदला, बढ़ती गर्मी की वजह से लिया गया फैसला

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्कूलों के संचालन का समय में बलाव किया गया है। एक पाली में संचालित होने वाले स्कूल अब सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक संचालित होंगे। वहीं दो पाली में चलने वाले स्कूल पहली पाली में 7.30 बजे से 11.30 बजे और हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल 11.30 बजे से 4.30 बजे तक चलेंगे। रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी ने इसे लेकर आदेश जारी कर दिया है।

### सीबीआई को पीएम मोदी का मंत्र : रुकने की जरूरत नहीं

## जिन पर एक्शन ले रहे हैं, वो बेहद ताकतवर पर आप अपने काम पर ही फोकस रखना

### पीएम मोदी ने सीबीआई की तीन नई इमारतों का किया उद्घाटन



**नईदिल्ली ( सीबीआई )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) के डायमंड जुबली कार्यक्रम में बतौर चीफ गेस्ट शामिल हुए। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने पोस्टल स्टांप और डायमंड जुबली मार्क वाला सिक्का लॉन्च किया। इसके साथ ही मेघालय की राजधानी शिलांग, महाराष्ट्र के पुणे और नागपुर में सीबीआई के ब्रांच ऑफिस के नए बिल्डिंग का उद्घाटन भी किया।

इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि नए कार्यालयों का शुभारंभ सीबीआई को कार्य करने में सहायता प्रदान करेगा। सीबीआई की जांच की मांग के लिए तो आंदोलन तक किए जाते हैं, लोग कहते हैं कि मामले को सीबीआई को दे दें। न्याय, इंसाफ के ब्रांड के तौर सीबीआई का नाम सबकी जुबान पर है। जिन्होंने भी सीबीआई में योगदान दिया वे बधाई के पात्र हैं। मोदी इस दौरान सीबीआई के बेस्ट इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर्स को भी सम्मानित किया। साथ ही उन अधिकारियों को भी सम्मानित किया, जिनका नाम प्रेसिडेंट पुलिस मेडल के लिए चुना गया था।

इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश की प्रीमियम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के रूप में 60 वर्ष का सफर सीबीआई ने पूरा किया है। ये 6 दशक निश्चित रूप से अनेक उपलब्धियों के रहे हैं। आज यहां सीबीआई के मामलों से जुड़े सुप्रीम कोर्ट का संग्रह भी जारी किया गया है। ये सीबीआई के बीते वर्षों के सफर को दिखाता है।

#### सीबीआई को केस सौंपने लोग करते हैं आंदोलन

लोग आंदोलन करते हैं कि केस उनसे लेकर सीबीआई को दे दो। यहां तक कि पंचातय स्तर पर भी कोई मामला आता है तो लोग कहते हैं कि इसे सीबीआइ को दे देना चाहिए। न्याय के, इंसाफ के एक ब्रांड के रूप में सीबीआई हर जुबान पर है। सीबीआइ ने अपने काम से, अपने कौशल से सामान्यजन को एक विश्वास दिया है। आज भी जब किसी को लगता है कि कोई केस असाध्य है तो आवाज उठती है कि मामला सीबीआईको दे देना चाहिए। इससे पता चलता है कि सीबीआई क्या है।

#### मल्टिपल जांच एजेंसी के रूप में बनाई अपनी पहचान

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 6 दशक में सीबीआई ने मल्टिपल जांच एजेंसी के तौर पर अपनी पहचान बनाई है, आज सीबीआई का दायरा बहुत बड़ा हो चुका है। शहर से लेकर जंगल तक सीबीआई को दौड़ना पड़ रहा है। सीबीआई की जिम्मेदारी भ्रष्टाचार से देश को मुक्त करने की है। भ्रष्टाचार सामान्य अपराध नहीं होता। भ्रष्टाचार, गरीब से उसका हक छीनता है, अनेक अपराधों को जन्म देता है। यह लोकतंत्र और न्याय के रास्ते में सबसे बड़ा रोड़ा होता है। जहां भ्रष्टाचार होता है, वहां युवाओं को उचित अवसर नहीं मिलते। वहां सिर्फ एक विशेष ईकोसिस्टम ही फलता-फूलता है।

## 36 मौतों के बाद इंदौर के बेलेश्वर मंदिर से नगर निगम ने अतिक्रमण हटाया



**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर में नगर निगम ने सोमवार सुबह बेलेश्वर मंदिर का अवैध निर्माण वाला हिस्सा तोड़ दिया। रामनवमी के मौके पर इसी मंदिर में बावड़ी की छत धंसने से 36 लोगों की मौत हुई थी। अतिक्रमण हटाने के लिए सुबह 6 बजे से ही नगर निगम का अमला मंदिर पहुंचना शुरू हो गया।

मंदिर का अतिक्रमण हटाने के विरोध में बजरंग दल और हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। मंदिर के बाहर पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है। प्रशासन ने ढक्कन वाला कुआं, सुखलिया और गाडराखेड़ी में भी धार्मिक स्थलों के अतिक्रमण को हटाया गया।

बता दें गुरुवार को रामनवमी पर हवन के दौरान मंदिर की बावड़ी की छत धंसने से 60 लोग बावड़ी में गिर गए थे। कुछ लोग खुद निकल आए और 20 लोगों को रेस्क्यू किया गया था। इनमें कई का अभी इलाज चल रहा है।

#### अस्पताल से 12 लोगों की छुट्टी, 6 का इलाज जारी

हादसे में घायल 12 लोगों को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज किया जा चुका है। 6 लोग अभी भी भर्ती हैं। हादसे में मंदिर ट्रस्ट के सचिव मुरली सबनानी पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज हुआ है, उसके बाएं पैर के घुटने का ऑपरेशन शनिवार को किया गया। वो भी खतरे से बाहर हैं।

## पेट्रोल पंप पर विवाद को रोकने पहुंचे युवा कांग्रेस नेताओं पर चाकू से हमला, यूथ कांग्रेस ने किया थाने का घेराव

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** राजधानी रायपुर पेट्रोल पंप पर हो रहे विवाद को रोकने गए यूथ कांग्रेस नेताओं पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। हमला करने के बादमाश फरार हो गए। वहीं इस हमले से यूथ कांग्रेस नेताओं को काफी चोटे आई हैं। इस घटना के बाद यूथ कांग्रेस नेताओं ने थाने का घेराव का अरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। घटना यह घटना मौदहापारा थाना क्षेत्र की है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार रात को तहसील कार्यालय के सामने स्थित पेट्रोल पंप पर विवाद हो रहा था। इस दौरान यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष आशुतोष मिश्रा और प्रदेश सचिव यूथ कांग्रेस आस मोहम्मद अपने कुछ साथियों के साथ पंप पर पहुंचे और विवाद को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान बदमाशों ने यूथ कांग्रेस के इन नेताओं पर ही चाकू से हमला कर दिया।

इस हमले से यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष आशुतोष मिश्रा और प्रदेश सचिव यूथ कांग्रेस आस मोहम्मद को चोट आई है। वहीं हमला करने वालों में सोनू सेन व उसके साथियों के शामिल होने की बात कही जा रही है।

इस घटना के बाद यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पंकज शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने मौदहापारा थाने का घेराव कर दिया। इस यूथ कांग्रेस नेताओं ने सुरक्षा की मांग करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। मौदहा पारा पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## केरल में एक ट्रेन पैसेंजर ने दूसरे पैसेंजर को आग लगाई, महिला-बच्चे सहित 3 की मौत

### पटरी पर मिले शव, डिब्बे में चढ़ने को लेकर कहासुनी हुई थी

**तिरुवनन्तपुरम।** केरल के कोझिकोड में रविवार को ट्रेन में चढ़ने को लेकर दो यात्रियों के बीच कहासुनी हो गई। एक यात्री ने दूसरे यात्री पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मृतकों में एक महिला, बच्चा और पुरुष शामिल हैं, जिनके शव देर रात इलाथुर रेलवे स्टेशन की पटरी से बरामद किए गए।



पुलिस ने बताया कि शख्स जब दूसरे पेसैंजर पर हमला कर रहा था तब अन्य यात्रियों ने उसे रोकने की कोशिश की थी, जिसके चलते करीब 9 लोग घायल हो गए। आरोपी मौके से फरार हो गया। उसके खिलाफ केस दर्ज कर तलाश की जा रही है। इस घटना में मत्तन्नूर के रहने वाले रहमत, उनकी बहन और उनकी दो साल की बेटी की मौत हो गई। थलासेरी के अनिल कुमार, उनकी पत्नी सजीशा, उनके बेटे अद्वैत, कन्नूर की रहने वाली रूबी और त्रिशूर के राजकुमार बुरी तरह झुलस गए हैं। इन लोगों को कोझिकोड के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने बताया कि घटना अलप्पुझा-कन्नूर एग्जीक्यूटिव एक्सप्रेस में रविवार रात 9:45 बजे की है। ट्रेन ने जैसे ही कोझिकोड क्रॉस किया, दो लोगों में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ और एक व्यक्ति ने दूसरे यात्री को आग लगा दी। इसके चलते अन्य यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोका और पुलिस को घटना की जानकारी दी। सभी मृतकों की बॉडी रेल की पटरी पर पड़ी थी।

## इसलिए व्यापार धंधे में फेल हो जाती है सरकारें

श्रीकंचनपथ




सरकारी उपक्रम केवल तभी तक स्वस्थ रहते हैं जब तक कि उस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा नहीं होती। जहां-जहां सरकारों ने प्रतिस्पर्धी व्यवसाय में उतरने की कोशिश की है, अधिकांश मामलों में वह फेल ही रही है। इसके लिए सरकारी प्रोटोकॉल और लगातार बदलती उसकी प्राथमिकताओं को जिम्मेदार माना जाता है। बस्तर में जगदलपुर से 8 किलोमीटर दूर बाबूसेमरा गांव में सरकार ने आदिवासी उत्पादों एवं संग्रह के प्रसंस्करण की योजना बनाई। 25 साल पहले यहां भूमि अधिग्रहण किया गया। इसके बाद राजनीतिक उथलपुथल शुरू हो गया। छत्तीसगढ़ अलग राज्य बन गया। द ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफइंडिया अत्र्क्रस्त्रश्वष्ठ की योजना थी कि यहां विभिन्न वनोपजों और वन-संग्रहों का प्रसंस्करण किया जाएगा। इन उत्पादों का विक्रय करने के चैनल बनाए जाएंगे ताकि आदिवासियों के जीवन स्तर में सुधार हो सके। ट्राईफूड पार्क के जरिए ट्राइफेड ने बस्तर के 50 हजार लोगों को रोजगार देने का दावा भी किया था। पर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। 25 साल पहले देखा गया यह सपना अब सरकार भूलने लगी है। यही काम अगर निजी क्षेत्र का होता तो अब तक यह धंधा ग्लोबल हो चुका होता। बाबूसेमरा शहर बन चुका होता। इन्हीं उत्पादों की बदौलत बस्तर में व्यापारियों ने खूब तरक्की की है। उन दिनों प्रसंस्करण की बातें कम ही होती थीं। आदिवासी वनोपजों का संग्रह करते और औने-पौने दामों में व्यापारी उसे उनसे खरीद लेते। इसे बेचकर व्यापारी अच्छा मुनाफा कमाते। व्यापारियों से कच्चा माल खरीदकर उसका प्रसंस्करण करने वाले इससे भी ज्यादा पैसा कमाते। सरकार ने इसे रिवर्स करने की योजना बनाई। इरादे अच्छे थे कि प्रसंस्करण केन्द्र बस्तर में ही खुल जाने से मूल संग्राहकों को बिचौलियों से मुक्ति मिल जाएगी और उन्हें अपने माल की अच्छी कीमत मिल जाएगी। कुछ लोगों को प्रसंस्करण केन्द्रों में नौकरियां भी मिल जाएंगी। उनका कौशल उन्नयन होगा और वे बेहतर जिन्दगी जीने लगेंगे। पर ऐसा कुछ तभी संभव था जब यहां काम-काज शुरू हो पाता। दरअसल, ऐसी योजनाएं केन्द्र प्रवर्तित होनी ही नहीं चाहिए। वर्षों पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने यह महसूस किया था कि केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक नहीं पहुंच पाता। यहीं से स्थानीय सरकारों को मजबूत करने का काम शुरू हुआ। त्रिस्तरीय पंचायतों को मजबूत करने की कोशिशें शुरू हुईं। उन्हें वित्तीय अधिकारों के साथ- साथ ज्यादा प्रशासनिक अधिकार दिये गये। इसका एकमात्र लक्ष्य यह था कि योजना के बनने और उसके क्रियान्वयन में लगने वाले वक्त को कम किया जा सके। अवसर के अनुकूल फैसले तत्काल लिये जा सकें। इससे योजना के बिचौलिए भी कम हो जाएंगे और रफ्तार बढ़ने के साथ-साथ लागत भी कम हो जाएगी। स्थानीय तौर पर योजनाएं बनाने, उनका क्रियान्वयन करने और उससे लाभ कमाने की दिशा में महिला स्व-सहायता समूहों के नतीजे हमारे सामने हैं। व्यापार में प्रोटोकॉल फॉलो करना मुश्किल होता है, सरकार इसे नहीं समझना चाहती। इसलिए वह व्यापार से दूर ही रहे तो अच्छा।



## संपादकीय

# निशाने पर एआई

इंटरनेट पर सूचनाओं के आधार पर पनपी कृत्रिम बुद्धिमत्ता का साम्राज्य क्या अब खतरा बनने लगा है? यह आभासी बुद्धिमत्ता, अर्थात एआई तकनीक इतनी मजबूती से सामने आ रही है कि अच्छे-अच्छे वैज्ञानिकों व उद्यमियों को भी आशंकाएं घेरने लगी हैं। इटली में तो एआई चैटजीपीटी को प्रतिबंधित कर दिया गया है। वहां न केवल एआई सेवा को अवरुद्ध किया जाएगा, बल्कि गोपनीयता संबंधी चिंताओं की भी व्यापक जांच की जाएगी। इतालवी एजेंसी का मानना है कि एआई का इस्तेमाल करने वाले लोगों के बारे में व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करने के लिए सिस्टम के पास उचित कानूनी आधार नहीं है। डाटा एल्गोरिद्म को प्रशिक्षित करने में सहायता के लिए जुटाया जाता है, जिससे चैटजीपीटी को सवालों के जवाब देने में सुविधा होती है। यह एक तरह से हमसे ही चुपचाप सूचनाएं या डाटा लेकर वापस हमें ही बेचने की बुद्धिमत्ता है। सवाल है कि इंटरनेट हमसे जो सूचनाएं ले रहा है और उसका जो नानाविध प्रयोग कर रहा है, क्या उसके लिए हमारी मंजूरी ली गई है? चैटजीपीटी सेवा देने से पहले न तो आयु की जांच हो रही है और न जरूरी नियमों की पालना हो रही है, ऐसे में, इटली इस पर प्रतिबंध लगाने वाला दुनिया का संभवतः पहला देश बन गया है। इंटरनेट की दुनिया में अनेक तरह के कानूनों का दुरुपयोग हो रहा है, सामाजिक और आर्थिक नियम-कायदों की अवहेलना हो रही है। एआई पहले उतनी बड़ी ताकत नहीं थी, लेकिन अब इतनी बड़ी ताकत हो गई है कि यह तकनीक स्वतः काम करने लगी है। बार-बार इंसानों से मंजूरी लेने की जरूरत भी नहीं है। आप दो चीजों की खोज करते हैं, तो तीसरी चीज स्वयं एआई आपके लिए जुटा लाती है। अनेक विशेषज्ञों को यह लगने लगा है कि यह कहीं न कहीं हमारे अनुरूप चलते हुए सेवा का आभास कराते हुए हमारा दुरुपयोग करती है। शायद एक दिन आएगा, चैटजीपीटी या एआई जनित सेवाएं इंसानी व्यवहार पर हावी हो जाएंगी और समाज का संचालन शुरू कर देंगी। इटली में चिंता तो पहले से जारी थी, लेकिन प्रतिबंध का फैसला तब आया, जब कई विशेषज्ञों ने नई एआई प्रणालियों के विकास पर रोक लगाने का आह्वान किया। यह आशंका जताई जा रही है कि नए एआई उपकरण बनाने की हड़बड़ी खतरनाक साबित हो सकती है। यूरोपीय उपभोक्ता संगठन बीईयूसी ने गुरुवार को यूरोपीय संघ और अधिकारियों से जांच की मांग की है। विशेष रूप से चैटजीपीटी व ऐसी अन्य सेवाओं पर निगरानी रखने के लिए कहा है। गोपनीयता संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए विनियमन की ओर भी इशारा किया गया है। ऐसे कानूनों का अभाव है, जो सूचना या गोपनीयता की रक्षा कर सकें। आने वाले दिनों में यह संभव है कि पूरे यूरोप में ही चैटजीपीटी पर प्रतिबंध लग जाए। चैटजीपीटी के संचालकों को अपने बचाव के लिए अब ज्यादा सक्रिय होना होगा। उन्हें लोगों को आश्वस्त करना होगा कि इसका दुरुपयोग नहीं होगा। अनुमान है कि विगत दो महीनों में चैटजीपीटी का उपयोग दुनिया के 10 करोड़ लोगों ने किया है। यह तकनीक जिज्ञासा का केंद्र बनी हुई है, मगर क्या इस नई तकनीकी को ज्यादा समय तक रोके रखा जा सकता है? कोई भी नई तकनीक आती है, तो उसका विरोध होता है और अंततः जब वह विकसित हो जाती है, तब सब उसके इस्तेमाल के लिए विवश हो जाते हैं। एआई और चैटजीपीटी के साथ ऐसा नहीं होगा, कहना मुश्किल है।

> “ शायद एक दिन आएगा, चैटजीपीटी या एआई जनित सेवाएं इंसानी व्यवहार पर हावी हो जाएंगी और समाज का संचालन शुरू कर देंगी। इटली में चिंता तो पहले से जारी थी, लेकिन प्रतिबंध का फैसला तब आया, जब कई विशेषज्ञों ने नई एआई प्रणालियों के विकास पर रोक लगाने का आह्वान किया। यह आशंका जताई जा रही है कि नए एआई उपकरण बनाने की हड़बड़ी खतरनाक साबित हो सकती है।

# किसको हराने के लिए लड़ेगा विपक्ष ?

मानहानि के मामले में राहुल गांधी को सजा होने और लोकसभा की उनकी सदस्यता समाप्त होने के बाद विपक्ष में जो एकता दिखी है वह क्या राजनीतिक और चुनावी एकजुटता में तब्दील होगी? कांग्रेस के नेता ऐसी संभावना देख रहे हैं और तभी राहुल गांधी ने अपनी प्रेस कांफ्रेंस में विपक्षी पार्टियों के समर्थन के लिए उनका आभार जताया और उनसे अपील भी कर डाली कि वे आगे मिल कर राजनीति करें। हालांकि यह अलग बात है कि इससे पहले विपक्षी पार्टियों के नेताओं की सदस्यता गई थी तो कांग्रेस ने किसी तरह की एकजुटता नहीं दिखाई थी। इस साल के पहले तीन महीने में राहुल तीसरे नेता हैं, जिनकी सदस्यता गई है। उत्तर प्रदेश की स्वार विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के सांसद अब्दुल्ला आजम की सदस्यता गई तो लक्षद्वीप से एनसीपी के सांसद मोहम्मद फैजल की सदस्यता गई।

बहरहाल, इस बात की संभावना कम है कि विपक्षी पार्टियां राजनीतिक रूप से एक होने जा रही हैं या कोई चुनाव पूर्व बड़ा गठबंधन बनने जा रहा है, जिसके दम पर भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती दी जा सके। इसका कारण यह है कि देश की ज्यादातर प्रादेशिक पार्टियां केंद्र की मौजूदा सरकार से खतरा महसूस कर रही हैं लेकिन साथ ही अपने विस्तार की संभावना भी देख रही हैं। भाजपा को हरा कर कांग्रेस को मजबूत करने की बजाय भाजपा को जिता कर कांग्रेस को खत्म करने और अपना विस्तार करने की सोच में प्रादेशिक पार्टियां राजनीति कर रही हैं। ध्यान रहे ज्यादातर प्रादेशिक पार्टियां कांग्रेस की कब्र पर ही पनपी हैं। इसलिए वे कांग्रेस को कब्र से निकाल कर फिर जिंदा करने की राजनीति क्यों करेंगी? उनका वश चले तो वे कांग्रेस को इतने गहरे दफन करें कि वह फिर कभी वहां से नहीं निकल सके।

तभी ऐसा लग रहा है कि प्रादेशिक क्षत्रप भाजपा को हराने की बजाय कांग्रेस को हराने की राजनीति कर रहे हैं। वे इस बात का ताना-बाना बुन रहे हैं कि कैसे आगे होने वाले विधानसभा के चुनावों और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को हराया जाए। यह धारणा कई लोगों को अतिवादी लग सकती है और कहा जा सकता है कि मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी और लालू प्रसाद के पूरे परिवार से पूछताछ या के चंद्रशेखर राव की बेटी पर शिकंजा कसने या ममता बनर्जी की पार्टी की एक दर्जन से ज्यादा नेताओं की गिरफ्तारी के बाद क्षेत्रीय पार्टियां ऐसा नहीं सोच सकती हैं। उनमें घबराहट और डर पैदा हुआ है और इसलिए वे किसी तरह से एकजुट होकर भाजपा को हराने की राजनीति का हिस्सा बनेंगे। यह भी कहा जा सकता है कि राहुल गांधी की सदस्यता जाने के बाद सारे क्षत्रपों की तंद्रा टूटी है और उनको लग रहा है कि जब नेहरू गांधी परिवार के साथ ऐसा हो सकता है तो उनकी क्या बिसात है।

असली पेंच यही है। इसी में प्रादेशिक पार्टियां अपने लिए मौका मान रही हैं। उनको लग रहा कि इसी बहाने कांग्रेस खत्म हो रही है तो एक धक्का और देकर उसे गिरा दिया जाए ताकि वह उठ न सके। यह अलग बात है कि एक बार कांग्रेस के निर्णायक रूप से गिरने के बाद भाजपा का निशाना प्रादेशिक पार्टियां ही होंगी। उनमें से भी कोई नहीं बचेगा। लेकिन अभी इन पार्टियों को लग रहा है कि कांग्रेस खत्म होगी तो वे मजबूत होंगे। इसी सोच में ममता बनर्जी भी राजनीति कर रही हैं और के चंद्रशेखर राव भी कर रहे हैं। अभी तत्काल कर्नाटक का विधानसभा चुनाव होना है, जहां ये दोनों नेता जेडीएस के लिए प्रचार करने जाएंगे। कर्नाटक में कांग्रेस ने एचडी देवगौड़ा की पार्टी जेडीएस से तालमेल से इनकार कर दिया है। पार्टी ने 124 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं, जिनमें से कई सीटें देवगौड़ा परिवार के असर वाले इलाकों की है। इसलिए तालमेल की संभावना खत्म है। इस बीच जेडीएस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने बताया है कि ममता बनर्जी और के चंद्रशेखर राव उनकी पार्टी के लिए प्रचार करने आएंगे। इन दोनों का कर्नाटक के प्रचार में क्या असर होगा, कहा नहीं जा सकता है लेकिन मंशा दोनों की साफ है।

> “ आईटी कंपनियों को मूनलाइटिंग का भय भी सताने लगा। मूनलाइट का अर्थ तो चांदनी यानी चांद की रोशनी है, पर कारोबार में इसका अर्थ होता है कि एक जगह दिन में नौकरी करने वाला इंसान रात में दूसरी जगह काम करे और पैसे कमाए। वर्क फ्रॉम होम में तो यह और आसान है, क्योंकि अब मूनलाइट का इंतजार भी नहीं करना है।

आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार

# अब तक दफ्तर नहीं लौटे बहुत लोग

तीन साल पहले जब दुनिया कोरोना महामारी का असर समझने की कोशिश ही कर रही थी, बहुत से लोगों को तो शायद तब इसका एहसास भी नहीं हो पाया था, पर मशहूर लेखक-विचारक थॉमस फ्रीडमैन ने कह दिया था, अब इतिहास की विभाजक रेखा बदल गई है। समय नापने का पैमाना अब ईसा पूर्व और ईस्वी सन नहीं, बल्कि कोरोना से पहले (बिफोर कोरोना-बीसी) और कोरोना के बाद (आफ्टर कोरोना-एसी) होगा। तब कोरोना के बाद की दुनिया का जो खाका जिसने भी खींचा था, बहुत जल्दी उसकी रेखाएं भी धुंधली पड़ने लगी हैं। आज तीन साल बाद भी यह खाका साफनहीं हो पाया है। एक तरफ, इस बीमारी के नए रूपों से जूझने की चुनौती खत्म नहीं हुई है और दूसरी तरफ, इस पर लगातार रस्साकशी चल रही है कि अब कामकाज की गाड़ी कैसे आगे बढ़ाई जाए?

कोरोना से दुनिया की अर्थव्यवस्था को जो मंदी का झटका लगा है, उसकी मार से हम अब भी पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं, खासकर रोजगार के मोर्चे पर। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के अनुसार, 2022 की शुरुआत तक जिस तेजी से लोग काम पर लौटने लगे थे, वह रफ्तार साल खत्म होते-होते धीमी पड़ गई थी। 2022 की तीसरी तिमाही के खत्म होने तक दुनिया भर में काम के घंटों, यानी श्रम घंटों का अनुमान लगाया जाए, तो यह आंकड़ा 2019 की आखिरी तिमाही, यानी कोरोना के ठीक पहले के मुकाबले डेढ़ प्रतिशत कम है। प्रतिशत में तो यह मामूली कमी दिखती है, पर गिनती में इसका अर्थ है कि जितने लोग तब रोजगार में थे, उनके मुकाबले इस वक्त ऐसे लोगों की गिनती में करीब चार करोड़ की गिरावट है। यह




आंकड़ा पूर्णकालिक रोजगार का है। अंशकालिक रोजगार की गिनती कहीं ज्यादा हो सकती है।

इसका सीधा मतलब यह है कि कोरोनातीत काल में रोजगार की चुनौती का कोई हल अभी तक सामने नहीं है और दूसरी तरफ, लोगों को रोजगार देने या दिलाने से बड़ी चुनौती अब कंपनियों और सरकारों के सामने खड़ी हो चुकी है। उनको इस पहेली को हल करना है कि अब कोरोना का खतरा टल गया मान लें या कोरोना के साथ जीने की ठान लें? सबसे बड़ा विवाद इस सवाल पर है कि 'वर्क फ्रॉम होम' रहेगा या जाएगा? हालांकि, वर्क फ्रॉम होम में दोनों ही पक्ष फायदे में दिखते हैं, पर दोनों को इस व्यवस्था में कुछ समस्याएं भी दिखने लगी हैं।

कंपनियों के लिए सबसे बड़ा फायदा था, ऑफिस का खर्च, बिजली, पानी का खर्च, स्टाफ कैंटीन चलाने से छुट्टी और महंगी प्रॉपर्टी खरीदने या किराये पर लेने के खर्च में भारी कमी। यही वजह थी कि बड़े-बड़े ऑफिस कॉम्प्लेक्स में अचानक आधे से ज्यादा दफ्तर खाली हो गए थे। बहुत से लोग तो शहर के बाहरी हिस्सों में शिफ्ट हो गए, ताकि किराया कम और जगह ज्यादा हो जाए। काफी बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी हैं, जो काम का शहर ही छोड़कर अपने-अपने घर वाले गांव या शहर चले गए और वहीं से काम कर रहे हैं। जाहिर है, ऐसे ज्यादातर लोग अब वापस दफ्तर में हाजिरी लगाना पसंद नहीं करेंगे। एक अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण में शामिल 60 प्रतिशत कर्मचारियों ने बताया कि वर्क फ्रॉम होम से उनके खर्च में जो कमी आई है, वह उसे इसका सबसे बड़ा फायदा मानते हैं।

उधर, कंपनियों को लगने लगा कि कर्मचारियों पर और अपने काम पर उनकी पकड़ कमजोर हो रही है। आईटी, आईटीईएस और बीपीओ जैसे काम में लगी कंपनियां भी चाहती हैं कि उनके लोग वापस दफ्तर में ही काम करें। इसके कई कारण हैं। उन्हें लगता है, डाटा ज्यादा सुरक्षित रहता है, लोगों में टीम भावना पैदा होती है और कंपनी के साथ उनका लगाव भी बनता या बढ़ता है। खासकर आईटी कंपनियों को मूनलाइटिंग का भय भी सताने लगा। मूनलाइट का अर्थ तो चांदनी यानी चांद की रोशनी है, पर कारोबार में इसका अर्थ होता है कि एक जगह दिन में नौकरी करने वाला इंसान रात में दूसरी जगह काम करे और पैसे कमाए। वर्क फ्रॉम होम में तो यह और आसान है, क्योंकि अब मूनलाइट का इंतजार भी नहीं करना है। इंफोसिस के संस्थापक नारायणमूर्ति ने तो अपने युवा स्टाफ को ऐसा न करने की हिदायत भी दी है और कहा है कि अब कोई वर्क फ्रॉम होम नहीं चलेगा।

वर्क फ्रॉम होम कब खत्म होगा और स्टाफ कब वापस पुराने अंदाज में लौटेंगे? यह सवाल तो कोरोना लॉकडाउन की शुरुआत से ही पूछा जा रहा है, लेकिन इसके साथ तमाम दिमागी और हिसाबी गणित जोड़ने के बाद कंपनियों ने पिछले साल की शुरुआत से ही कर्मचारियों को वापस बुलाना शुरू कर दिया था। कुछ कंपनियों ने तो स्टाफ की सुविधा के लिए एक ही शहर में कई दफ्तर खोल दिए, ताकि लोग अपने नजदीक के दफ्तर में ही आ जाएं। एक सर्वे के मुताबिक, 35 प्रतिशत कंपनियों में 80 से 100 प्रतिशत कर्मचारी वापस दफ्तर आने भी लगे हैं।

कंपनियों के सामने मुश्किल उन कर्मचारियों को लेकर है, जो अब ऑफिस आना नहीं चाहते। करीब-करीब हर काम में अच्छे लोगों की किल्लत है। कर्मचारियों की पसंद जानने के लिए हुए एक सर्वे से पता चला कि आईटी और बीपीओ कर्मचारियों में से 41 प्रतिशत चाहते हैं कि उन्हें पूरी तरह घर से काम करने की छूट मिले। 51 प्रतिशत इसके लिए तैयार हैं कि कभी घर और कभी दफ्तर से काम कर लें। सिर्फ तीन प्रतिशत लोग वापस पुराने दिन देखना चाहते हैं। बीपीओ कारोबार में खासकर महिलाएं घर से काम करने की ज्यादा इच्छुक हैं। यहां महिला कर्मचारियों में से 86 प्रतिशत घर से काम करना चाहती हैं, जबकि पुरुषों में 71 प्रतिशत दूर से ही काम के लिए तैयार हैं। सिर्फ 32 प्रतिशत महिलाओं ने कहा कि अगर वर्क फ्रॉम होम खत्म हो गया, तब भी वह नौकरी नहीं छोड़ेंगी।

यह किस्सा सिर्फ भारत का नहीं है। दुनिया भर की कंपनियां इस गुत्थी को सुलझाने की कोशिश में हैं। ऐसे में, कोरोना मामले का फिर से बढ़ना जहां एक तरफ उनकी मुश्किलें बढ़ाएगा, वहीं यह भी हो सकता है कि लोगों को वापस दफ्तर बुलाने की योजनाएं फिर ठंडे बस्ते में चली जाएं। हालांकि, एक बात तय है कि अब जो कंपनियां इस मसले पर साफ और लचीली नीति नहीं बना पाएंगी, उनके लिए पिछड़ने का खतरा बड़ा हो जाएगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# औपचारिकता में कहीं विलीन न हो जाए आस्था का कपूर

सदानंद शाही, कुलपति और साहित्यकार

हम उत्सवधर्मी समाज हैं। हमारे सांस्कृतिक मूल्य उत्सवों के माध्यम से ही प्रकट होते रहे हैं। बारहों महीने पड़ने वाले त्योहारों का संबंध कृषक जीवन और हमारी बहुवर्णी प्रकृति के संबंधों की कथा कहते हैं। घर-खलिहान में अनाज आया नहीं कि हमारा उत्सवधर्मी मन सक्रिय हो जाता है। तरह-तरह के पकवान बनते हैं और अपने इष्टदेव और मित्र-परिजनों के साथ हम आनंद मनाते हैं। सब अमृत चखना चाहते हैं, पहले भी ऐसा ही था। एक समय हलाहल विष की चिंता किसी ने नहीं की थी, जिससे पूरी कायनात के भस्म हो जाने का खतरा था। इसके लिए शिव आगे आए और हलाहल विष को कंठ में धारण किया।

हर युग में विष और अमृत का जन्म साथ-साथ होता रहा है। हमारे इस अमृत काल में भी ऐसा हो रहा है। अमृत में आकर्षण है, चकाचौंध है, इसलिए अमृत के पीछे सब भागते हैं। विष को छोड़ देते हैं, जिसे धरती भुगतती है, आसमान झेलता है, जिससे ओजोन परत में छेद होता है, उत्तराखंड दरकता है। कोई संदेह नहीं, विष हरने के लिए सबको सामूहिकता की भावना के साथ आगे आना चाहिए। उल्लेखनीय है कि संस्कृति को जीने और बचाने का दावा पुरुष समाज चाहे जितने जोर-शोर से करता हो, उसे जीवंत रखने की असली जिम्मेदारी स्त्रियों पर है। उन्हीं स्त्रियों पर, जिन्हें पुरुष समाज प्रायः मतिहीन और निचले दर्जे का मानने में गर्व का अनुभव करता है। इधर स्थिति कुछ हद तक बदली है। त्योहारों पर पुरुष समाज हाल के वर्षों में कुछ ज्यादा ही सक्रिय हुआ है, लेकिन उनकी सक्रियता का सबसे ज्यादा रूप मोबाइल के माध्यम से सोशल मीडिया पर ही दिखाई देता है। इस सक्रियता का भी निन्यान्वे दशमलव नौ प्रतिशत इधर से आए बधाई संदेश या फोटो को उधर करने में खर्च होता है।

हां, कुछ लोग होंगे, जो रामनवमी,



दशहरा, दिवाली, होली, शिवरात्रि, दुर्गापूजा जैसे त्योहारों पर कुछ शब्द और कुछ चित्र मिलाकर शुभकामना संदेश रचते होंगे। जिनको हम सुबह से शाम तक अपने संपर्कों में भेजते रहते हैं। हमारे संपर्क भी वही-वही संदेश आगे भेजते रहते हैं। नतीजा यह होता है कि वही-वही फोटो संदेश घूम-फिरकर बार-बार हमारे पास आते हैं और हमारे फोन की मेमोरी में भर जाया करते हैं। फोन की मेमोरी चाहे जितनी ज्यादा हो, इन फोटो व वीडियो संदेशों के आगे बौने साबित होते हैं। इसका परिणाम यह निकलता है कि जिस उत्साह से हम त्योहार का दिन संदेश भेजने में जाया करते हैं, लगभग उसी अनुपात की बेचारगी का अनुभव करते हुए अगले दिन डिलीट बटन का इस्तेमाल करते हैं। ऐसा करते हुए पता नहीं हम अपने देवता को फोन या कंप्यूटर के बिन में डालने पर ग्लानि का अनुभव करते हैं या नहीं? मुझे तो ग्लानि का अनुभव होता है। बचपन में कभी हम दिवाली के दीये इकट्ठा करते थे। उनसे तराजू आदि कई तरह के खिलौने बनाते थे। उसमें एक खास तरह का आनंद था। मोबाइल की सफाई में खीझ के अलावा कुछ नहीं मिलता। कभी-कभी सोचता हूं कि वे लोग, जिनकी भावनाएं बात-बेबात आहत होती रहती हैं, वे इस समस्या से कैसे निपटते होंगे? ऐसा करते हुए उनकी भावना या आस्था आहत होती है या नहीं? जाहिर तौर पर ऐसा प्रसंग कभी सामने आया नहीं।

जिस तरह हमारा शिक्षित(?)-अर्द्धशिक्षित मध्यवर्ग त्योहारों के साथ बर्ताव करता है, उससे एक बात तो साफ-साफ पता चलती है कि त्योहार को उसके समूचे सांस्कृतिक बोध के साथ मनाने में उसकी कोई रुचि नहीं है। यह जिम्मा जो कुछ बचा है, वह घर की महिलाओं पर ही है। हमें त्योहारों का न तो मर्म पता है और न ही उसे पता करने में रुचि है। दुनिया को मुट्ठी में कर लेने के साथ हमारे दैनंदिन जीवन में दाखिल हुए मोबाइल ने हमारी संवेदनाओं को ही नहीं, हमारी जिज्ञासा को भी कुंद कर दिया है। त्योहारों से और सामाजिकता से हमारा संबंध अब दिखावा मात्र बनकर रह गया है। हम ज्यादा से ज्यादा लोगों को अपनी आस्थाशीलता का सुबूत देना चाहते हैं। उन्हें बताना चाहते हैं कि हम आस्थावान हैं, जबकि हकीकत यह है कि आस्था का कपूर औपचारिकता में विलीन हो चुका है। शोभा चली गई, बस दिखावे की यात्राएं बची हैं।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# खेल संस्कृति से ही पंजाब का पुनरुत्थान

गुरबचन जगत

जितना ज्यादा मैं पंजाब में इन दिनों घटित हो रहे प्रसंगों को देखता हूं उतना ही यादें अतीत के घरौंदे में प्रवेश करती जा रही हैं। आज मैं खेल मैदानों को देखता हूं तो पाता हूं वे भी बेकार पड़े हैं। मुझे याद आता है वह पंजाब जिसकी कभी हॉकी में सरदारी थी और मुंबई (तत्कालीन बम्बई) में आगा खान हॉकी टूर्नामेंट हुआ करता था। पंजाब पुलिस की हॉकी टीम सदा भाग लेती थी और अक्सर फाइनल मैच तक पहुंचा करती।

देश के दक्षिणी और पश्चिमी हिस्से में बसे पंजाबी मैच देखने को उमड़ते (उस वक्त टेलीविज़न नहीं था)। वे साल भर इस आयोजन की बाट बड़े चाव से जोहते थे, क्योंकि पंजाबियों की सरदारी से गर्व जो होता था। फिर कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) में बैटन कप भी हुआ करता था, वहां भी हर ओर से पंजाबी खासी तादाद में पंजाब पुलिस का जौहर देखने पहुंचते। जालंधर के नजदीक स्थित संसारपुर गांव ने अकेले ही देश को 14 ओलम्पिक खिलाड़ी दिये।

बलबीर सिंह सीनियर, उधम सिंह और अजीतपाल सिंह भारतीय हॉकी की किंवदंती सरीखे नाम बन गए थे और उन्होंने भारत के लिए बहुत यश कमाया। आजादी उपरांत देश ने लगातार तीन ओलम्पिक खेलों में स्वर्ण पदक जीता (1948, 1952 और 1956), इसके अलावा 1975 में विश्व कप में विजय प्राप्त की। आज भी, भारतीय हॉकी टीम में पंजाबी खासी संख्या में हैं, लेकिन शेष भारत के साथ पंजाब में भी अब हॉकी अपने पुराने जलवे का क्षीण अक्स भर है। जिस खेल ने बतौर राष्ट्रीय खेल, हॉकी की जगह ले ली, वह निःसंदेह क्रिकेट है। दूसरे सूबों के मुकाबले पंजाबी युवा इस खेल की ओर ज्यादा आकर्षित नहीं हो पाये। हरभजन सिंह, युवराज सिंह, अर्शदीप सिंह और शुभमन गिल अपवाद हैं।



रोचक तथ्य यह है कि एमएस धोनी, हार्दिक पंड्या, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज़ जैसे खिलाड़ी मुम्बई, कोलकाता या दिल्ली जैसे महानगरों की बजाय दूरस्थ छोटे शहरों-कस्बों से हैं। कस्बई लड़कों में सफलता, शान और उसके साथ पुरस्कार पाने की ललक होती है और इस सफलता की प्राप्ति के लिए वे जीवट, दृढ़ निश्चय और कूवत भी रखते हैं।

पंजाब ने कभी महान पहलवान पैदा किए थे- अमृतसर जिले के जब्बोवाल का गामा पहलवान जो रुस्तम-ए-हिंद के तौर पर प्रसिद्ध था, फिर दारा सिंह (वह भी रुस्तम-ए-हिंद था), करतार सिंह (एशियन खेलों में स्वर्ण पदक विजेता)। कुश्ती का पंजाब के गांवों में एक शानदार रुतबा था। ग्रामीण पंजाब में खेल आयोजनों की महान रिवायत थी जो सांस्कृतिक महोत्सवों की तरह हुआ करते थे। कुश्ती के मुकाबलों को 'छिंज' कहा जाता था, जिसमें आसपास से पहलवान हिस्सा लेने आते, उसे देखने भारी संख्या में आसपास के लोग जुटते। कबड्डी के मैच गांवों की टीमों के बीच हुए करते, उन्हें देखने भी भारी भीड़ उमड़ती और अग्रणी खिलाड़ियों का नाम बच्चे-बच्चे की जुबान पर होता। फिर गतका और भारोत्तोलन जैसे रिवायती खेल भी थे- भारी पत्थर या रेत भरे बोरे उठाए जाते। किला रायपुर खेल उत्सव, जिसकी शुरुआत ग्रेवाल खेल संघ ने 90 साल पहले की थी, ग्रामीण जिंदगी के इस शानदार पहलू का प्रतिनिधित्व करते हैं।

स्कूलों और कॉलेजों के विकास के साथ ये संस्थान खिलाड़ियों की नर्सरी बन गए। मुझे आज भी जालंधर के डीएवी कॉलेज और अमृतसर के खालसा कॉलेज के बीच होने वाली कांटे की टक्करें याद हैं, राज्य में इन आयोजनों की तिथियों का इंतजार रहता था और हजारों छात्र मुकाबला देखने उमड़ते।

कुछ दशक पहले, पंजाब पुलिस की टीम के अलावा जालंधर के उद्योगपति द्वारका दास सहगल के संरक्षण में लीडर क्लब और फगवाड़ा के समीर थापर की सरपरस्ती वाले जेसीटी क्लब बनने के साथ फुटबाल के खेल ने सूबे में कुछ समय के लिए जोर पकड़ा था। इस काल ने जरनैल सिंह, इंदर सिंह और सुखविंदर जैसे राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी दिए। ईस्ट बंगाल और मोहन बागान जैसे क्लब बढ़िया खिलाड़ियों की तलाश में पंजाब आया करते थे। एथलेटिक्स में भी पंजाब का प्रदर्शन बहुत बढ़िया था। एक वक्त था जब एशियन खेलों में अजमेर सिंह (400 मी.), प्रदुम्मन सिंह (शॉटपुट एवं डिस्कस थ्रो), गुरबचन सिंह (डिकेथ्लन) और फिर विख्यात 'फ्लाइंग सिख' मिल्खा सिंह (400 मी.और 200 मी.) तो थे ही- लेकिन आज पंजाब कहां है? जिस एक खेल में पंजाब ने व्यक्तिगत स्पर्धा में ओलम्पिक मेडल जीता है, वह है शूटिंग में अभिनव बिंद्रा। इसके अलावा गोल्फ में जीव मिल्खा सिंह ने कई यूरोपियन और एशियन सर्किट की मुख्य ट्रॉफियां हासिल करके देश का नाम रोशन किया है। पंजाब राज्य ने विशेष स्पोर्ट्स स्कूल एवं स्पोर्ट्स कॉलेज के रूप में विस्तृत खेलकूद प्रोत्साहन तंत्र स्थापित तो कर रखा है। परंतु इन्होंने पैदा क्या किया? प्रशिक्षकों की फौज ने क्या दिया?

आज की तारीख में, हरियाणा उन सूबों में एक है जिसने चोटी के पहलवान, बॉक्सर और यहां तक कि एथलीट दिए हैं। हरियाणा और दिल्ली के अखाड़ों में हरियाणवी छोरे-छोरियों ने खूब मशक्कत करके राष्ट्रीय और अतंर्राष्ट्रीय यश हासिल किया है। हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र, केरल और उत्तर-पूरबी राज्यों के बॉक्सिंग रिंग्स, एथलेटिक्स ट्रैक्स और स्टेडियम गतिविधियों से परिपूर्ण हैं। मुझे इम्फाल का स्टेडियम याद आ रहा है, जहां हर दिन सुबह-सवेरे दो-तीन हजार लड़के-लड़कियां प्रशिक्षण के लिए आते थे। हर साल, अमेरिका से आये प्रशिक्षक बेसबॉल और बास्केटबॉल के दांव-पेच सिखाते थे। इसका परिणाम है, बॉक्सिंग और भारोत्तोलन में जीते अनेकानेक पदक और राष्ट्रीय स्तर पर चमकते सूबे के फुटबॉल खिलाड़ी।

राज्य सरकार, उद्योग जगत और निजी शिक्षा संस्थानों को पंजाब में खेलों के पुनर्जागरण का बीड़ा उठाना होगा। केवल दिखावे के खेल मुकाबले आयोजित करने की बजाय जमीनी स्तर पर बच्चों को खेल के मैदानों की ओर लाना होगा।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




# बलरामपुर में कृषि और उद्योग मंत्री ने किया सेहत बाजार मिलेट कैफे का लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** बलरामपुर जिला मुख्यालय में मिलेट कैफे का कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे और उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने संयुक्त रूप से किया। उद्योग मंत्री ने इस अवसर पर लोगों आग्रह पर मिलेट कैफे में रागी का डोसा बना कर लोगों का दिल जीत लिया।

कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बलरामपुर के थालियों में अब स्वाद के साथ-साथ पौष्टिकयुक्त मिलेट भी परोसना शुरू हो जाएगा। उन्होंने सरगुजा संभाग का पहला सेहत बाजार खुलने पर लोगों को बधाई दी। इस मौके पर मंत्री द्वय श्री चौबे और श्री लखमा ने मिलेट कैफे में तैयार किये गए व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इस मौके पर मंत्रीगणों ने सुराजी गांव योजना के तहत जिले के बड़कीमहरी में गोबर से निर्मित पेंट यूनिट का लोकार्पण किया। बलरामपुर शहरी गौठान में संचालित इस गोबर पेंट यूनिट में तीन महिला स्व सहायता समूह की 30 महिलाएं शामिल है। इस यूनिट से प्रतिदिन 800 लीटर पेंट का निर्माण होगा। जिले के पहले पेंट यूनिट का गोबर पेंट ग्रीन अर्थ एन्ड ग्रीन फ्रुट पेंट (एएलएफ) के नाम से मार्केट में उपलब्ध रहेगी। गौरतलब है कि बलरामपुर जिला जिला प्रशासन द्वारा लोगों को आकर्षित और मिलेट के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मिलेट कैफे का नाम सेहत बाजार के रूप में रखा गया है। इसके लिए मंत्री श्री चौबे ने कलेक्टर की प्रशंसा की। मंत्री श्री चौबे ने कहा कि वर्तमान भागदौड़ भरी जिंदगी में हम सब की थालियों से पौष्टिकता कब गायब होती जा रही है, हमें पता ही नहीं चला रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की दूरदृष्टि सोच से राज्य सरकार मिलेट मिशन योजना प्रारंभ की है। योजना के तहत बलरामपुर जिले में खोला गया यह सेहत बाजार लोगों के स्वास्थ्य और सेहत के लिए एक अनुभव पहल है। उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा ने इस मौके पर मिलेट कैफे में रागी का डोसा तैयार कर लोगों का दिल जीत लिया। बलरामपुर जिले की इस सेहत बाजार की खासियत है कि यहां रागी और कोदो निर्मित रागी का डुस्का, इडली, दही बड़ा, सांभर बड़ा, रागी के लड्डू, रागी के कुकीज, कोदो की खीर व सिंघाड़े का हलवा जैसे व्यंजन उपलब्ध है।

## खास खबर

### मुख्यमंत्री ने ग्राम पुरई में संयुक्त परिवार के साथ किया भोजन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पुरई में किसान देवनाथ साहू के संयुक्त परिवार के बीच उनके घर पर भोजन किया। 24 लोगों के संयुक्त परिवार के सभी सदस्यों ने आदर सम्मान के साथ मुख्यमंत्री जी का स्वागत किया। परिवारजनों ने मुख्यमंत्री व अन्य अतिथि गणों को घर में बना हुआ सात्विक भोजन परोसा। भोजन की थाली में आम के नूनचरा अचार और अलसी के भुरके ने मुख्यमंत्री का विशेष रुप से ध्यान आकर्षण किया और उन्होंने आत्मीयता के साथ इनको स्वाद का आनंद लिया। इस अवसर पर गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, राजेंद्र साहू जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष व अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। अतिथिगणों को कांसे की थाली में बिजौरी, पापड़, कढ़ी, चेच भाजी, मुनगा और आलू चना की सब्जी, चावल ,रोटी ,दाल के साथ साथ मीठे में सेवई और अनरसा भोजन स्वरूप परोसा गया। परिवार के सदस्य श्री सुरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री को अपने परिवार के बीच पाकर पूरे परिवार के लोग प्रसन्न हैं।

### जय भारत सत्याग्रह की निगरानी समिति की बैठक संपन्न

**रायपुर।** जय भारत सत्याग्रह के निगरानी समिति की बैठक एआईसीसी के महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव, सह प्रभारी विजय जांगिड की उपस्थिति में संपन्न हुई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि एआईसीसी ने एक महिने का भारत सत्याग्रह कार्यक्रम दिया है। हमे उसका प्रदेश में क्रियान्वित करना है। एआईसीस के महासचिव एवं प्रभारी प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम एआईसीसी ने दिया इसकी निगरानी के लिये अनुभवी लोगो की समिति बनी है। आपके पार्टी के कार्यक्रमो का लंबा अनुभव है। इस निगरानी समिति के माध्यम से पूरे प्रदेश में जो कार्यक्रम होने है उनको बारीकी से देखना है तथा सारे कार्यक्रमों को करवाना है। कही पर कोई कमी आये तो उसको उसी समय पूरा करना है। कही पर कोई व्यक्ति काम नही कर रहा तो उसके जिम्मेदारी पर नये व्यक्ति को जिम्मेदारी देना भी आपकी जवाबदारी है। हमारा मकसद सफ्ल कार्यक्रम करना है। हर जगह हर क्षेत्र ब्लाक जिला में काम हो यह सुनिश्चित करना है। सभी जिलो, ब्लाको के जिम्मेदार पदाधिकारियो की सूची आपके पास होनी चाहिये। अभी हमारे पास जय भारत सत्याग्रह का एक महिने का कार्यक्रम है। हमे उसे संपादित करना है।

# मुख्यमंत्री ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के जनता को दी अनेक विकास कार्यो की सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान आज दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम पुरई में क्षेत्रवासियों को विभिन्न विकास कार्यो की सौगात दी। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जिले में 78 करोड़ 27 लाख से अधिक के विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 10 करोड़ 71 लाख 11 हजार रूपए के 24 विकास कार्यो का लोकार्पण एवं 37 करोड़ 26 लाख 8 हजार रूपए के भूमिपूजन तथा 30 करोड़ 30 लाख 51 हजार रूपए के 6249 कार्यो का सामग्री भी वितरित किए।



मुख्यमंत्री श्री बघेल ने लोकार्पण हेतु मछली पालन विभाग के तीन कार्य- बायोफ्लॉक निर्माण चंदखुरी, कोलिहापुरी एवं बोरीगारका प्रत्येक के लिए 7 लाख 50 हजार रूपए, सहायक अभियंता क्रेडा विभाग के ग्राम थनौद में जल भराई के लिए एक करोड़ 2 लाख रूपए, प्रधानमंत्री सड़क योजना के लिए 2 करोड़ 87 लाख रूपए, मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के दो कार्य- सी.सी. सड़क उपरपोटी एवं पीपरछेड़ी प्रत्येक के लिए 60 लाख 70 हजार रूपए, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के 6 कार्य फिजियोथैरेपी कक्ष निर्माण मरोदा एवं शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय में चबुतरा मंच, शेड निर्माण तथा ब्रांडिग एवं शौचालय के लिए 5-5 लाख रूपए, अण्डा, तिरगा, खपरी सि. एवं नगपुरा में उप स्वास्थ्य केन्द्र में 06 विस्तर निर्माण हेतु प्रत्येक के लिए 9 लाख 68 हजार रूपए का लोकार्पण किया गया।

सीजीएमएससीएल के 11 कार्य- स्टॉफक्वाटर फुन्दारा ब्लॉक के लिए 10 लाख, 10 बिस्तर आईसोलेशन उतई एवं निकुम प्रत्येक के लिए 37 लाख 28 हजार रूपए, स्टॉफ क्वाटर निकुम के लिए 154.00 रूपए, लेबर रूम निकुम के लिए 15 लाख रूपए, एसएचसी बिल्डिंग अंजोरा के लिए 28 लाख 51 हजार रूपए, पीएचसी बिल्डिंग रसमड़ा के लिए 61 लाख 96 हजार रूपए, 20 बिस्तर बेड उतई, 6 बिस्तर बेड हनोदा, 6 बिस्तर ननकठ्ठी, 6 बिस्तर बोरीगारखा, 6 बिस्तर कोलियारी में बेड के लिए 84 लाख 15 हजार रूपए की राशि का लोकार्पण किया गया।

इसी प्रकार सीजीएमएससीएल में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन कार्य के लिए 75 लाख रूपए, जिला अस्पताल में लैब निर्माण के लिए 35 लाख 62 हजार रूपए, जिला चिकित्सालय में 20 बिस्तर आईसोलेशन के लिए 74 लाख 56 हजार रूपए का लोकार्पण शामिल है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने भूमिपूजन हेतु ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के दो कार्य स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में शौचालय जीर्णोद्धार एवं अतिरिक्त कक्ष के लिए 22 लाख रूपए तथा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष के लिए 20 लाख रूपए स्वीकृत किया गया।

तांदुला जल संसाधन संभाग दुर्ग में 6 कार्य-खपरी मुख्य नहर के आर.डी. 18000 मी. से 18300 मी. तक भूमिगत केनाल साइफन का निर्माण कार्य के लिए 56 लाख 73 हजार रूपए, भरदा कोनारी एनीकट की ऊंचाई बढ़ाने एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 6 करोड़ 92 लाख 30 हजार रूपए, भरदा कोनारी एनीकट के अपस्ट्रीम में बैंक प्रोटेक्शन कार्य के लिए 9 करोड़ 69 लाख 52 हजार रूपए, रिसामा नाले में खसरा नं.- 752 के किनारे तटबंध निर्माण कार्य के लिए 2 करोड़ 12 लाख 68 हजार रूपए, तांदुला परियोजना के अंतर्गत उमरपोटी माईनर का जीर्णोद्धार कार्य के लिए 1 करोड़ 30 लाख 70 हजार रूपए, दुर्ग जिलें के विनायकपुर टेंक का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य के लिए 1 करोड़ 98 लाख 84 हजार रूपए का भूमिपूजन कार्य शामिल है।

# मुख्यमंत्री बघेल से विभिन्न समाज के प्रतिनिधिमंडलों ने की मुलाकात



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज शाम भेंट-मुलाकात अभियान के तहत दुर्ग के सर्किट हाउस में विभिन्न समाज के प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की। इसी कड़ी में यादव समाज ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना की सराहना करते हुए गोबर खरीदी के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इस दौरान लोधी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से मिल कर जमीन आवंटन और भवन की मांग रखी। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जमीन आबंटित करवा लें, फिर भवन के लिए राशि दी जाएगी। इसी तरह सेन समाज ने मुख्यमंत्री से जमीन और सामाजिक भवन की। साथ ही उन्होंने सामाजिक सम्मेलन में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री श्री बघेल को आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान लोधी समाज, सेन समाज, सरयूपारीय ब्राह्मण समाज, देवांगन समाज, सिन्हा समाज, हल्बा आदिवासी समाज, रजक समाज, सतनाम समाज, कुर्मी समाज, गुरू घासीदास सेवा समिति, मानिकपुरी पनिका समाज, दुर्ग कायस्थ सभा, कोलता समाज ने भवन की मांग रखी। मुस्लिम समाज ने भवन, कब्रिस्तान और पार्किंग, दुर्ग प्रेस क्लब ने जमीन, थनौद के कुम्हारों ने शिल्पग्राम की मांग, जनपद सदस्यों ने व्यवसायिक परिसर और वरिष्ठ नागरिक समिति धनोरा ने सियान सदन की मांग रखी। सेन समाज ने मुख्यमंत्री को सामाजिक सम्मेलन में शामिल होने आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर सभी समाज के प्रमुखों से कहा कि जिन समाज के पास जमीन नहीं है, वे 10 फीसदी राशि में जमीन अलॉट करवा लें, फिर उन्हें सामाजिक भवन के लिए राशि स्वीकृत कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि देवांगन समाज के लिए पुरई में भवन की घोषणा कर दी गई है। सतनाम समाज के भवन के लिए 1 करोड़ रूपए की घोषणा, मुस्लिम समाज को सामाजिक भवन, कब्रिस्तान और वाहन के लिए 20 लाख रूपए और कोलता समाज को 10 लाख रूपए, वरिष्ठ नागरिक समिति धनोरा के सियान सदन के लिए 20 लाख रूपए की स्वीकृति दी।

# जिले के सभी विकास खंडो में सर्वे शुरु

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप आज 1अप्रैल से रायपुर जिले के ग्रामीण अंचल में सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ हो गया है।सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के लिए दलों का गठन किया गया है।ये दल गांव के प्रत्येक घरो में पहुँच कर परिवार की स्थिति के बारे में जानकारी एकत्रित करेंगें।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के पहले दिन आज से छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के दिशानिर्देश में जिले के सभी विकास खंड के गांव गांव जाकर सर्वेक्षण टीम सर्वे का कार्य कर रही है।इसके साथ ही पूरे जिले में सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ हो गया है।

कलेक्टर डॉ. भुरे ने प्रगणक दलों को पूरी गंभीरता से त्रुटि रहित सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने सर्वेक्षण के लिए वार्ड पंचों की जिम्मेदारी, मकानों का नंबरिंग, सर्वे की प्रक्रिया, मोबाइल एप, पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री एवं मैनुअल एंट्री के बारे में आवश्यक निर्देश दिए हैं।उन्होंने कहा कि सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण में डाटा बेस के अनुसार पात्र पाये जाने पर शासकीय योजनाओं का लाभ मिलेगा।

कलेक्टर डॉ. भुरे ने गांव के सभी नागरिकों को सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण में भागीदार बनने की अपील की ।उल्लेखनीय है कि सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण में डाटाबेस जानकारी जैसे- परिवार के मुखिया की जानकारी, शैक्षणिक योग्यता, रोजगार की जानकारी, प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत है या नहीं, धान विक्रय का किसान पंजीयन क्रमांक, आधार नंबर, राषन कार्ड में परिवार की सूची, नरेगा जॉब कार्ड, परिवार की भूमि की जानकारी, परिवार की वार्षिक आय, सिंचाई साधन, वाहन एवं अन्य सामग्री, घर कच्चे या पक्के मकान, परिवार के कितने सदस्यों ने कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किया, मोबाइल नंबर, उज्जवला गैस कनेक्षन, रोजगार की जानकारी जैसे-कृषि कार्य, स्वरोजगार, शासकीय नौकरी, निजी नौकरी, मजदूरी, बेरोजगारी इत्यादि का सर्वेक्षण किया जा रहा है।


## अतिशीघ्र आवश्यकता है

एक प्लॉट सेल करने पर 9-10 प्रतिशत तक का ब्रोकरेज
अनुभविकओं के लिए अतिशीघ्र आवश्यकता है...
रियल स्टेट कंपनी में काम किए हुए
अनुभविक एवं फ्रेशर लड़के
एवं लड़कियों की सेल्स एंड मार्केटिंग के लिए...
पार्ट टाइम और फुल टाइम जॉब
सैलरी :-7000-10000/- योग्यता के अनुसार
संपर्क करें : 9109132445
लोकेशनः- भिलाई दुर्ग चरोदा


# जिला अस्पताल के व्यवस्थाओं और उपलब्धियों से अवगत हुए भारत सरकार की टीम

श्रीकंचनपथ न्यूज



**सुकमा।** जिला अस्पताल की उपलब्धियों और आमजनों को मुहैया कराई जाने वाली स्वच्छ एवं गुणवत्तायुक्त चिकित्सा सेवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने और राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस)की सूची में शामिल करने के लिए निरीक्षण किया गया।

एनक्यूएएस की सूची में भारत सरकार द्वारा चिन्हांकित साफ-सफाई के अलावा गुणवत्तायुक्त चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराने के लिए तत्पर रहने वाले चुनिंदा अस्पतालों को ही जगह दी जाती है। तीन दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम में अस्पताल की साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधाएं सहित अन्य व्यवस्थाओं और उपलब्धियों से भारत सरकार दिल्ली से सुकमा पहुंची टीम को अवगत करवाया गया।

उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर आमजनों को प्रदान की जाने वाली गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान टीम ने अस्पताल की स्वच्छ वातावरण, बेहतर चिकित्सा सेवाएं सहित अन्य व्यवस्थाओं की सराहना की और चिकित्सा कर्मियों का भी काफी उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ, अभयप्रताप सिंह तोमर, अस्पताल प्रबंधक श्री गिरीश कश्यप सहित अन्य चिकित्सा कर्मी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए गुणवत्ता प्रमाणन कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य अच्छा प्रदर्शन करने वाली सुविधाओं को पहचानने के साथ-साथ समुदाय में सार्वजनिक अस्पतालों की विश्वसनीयता में सुधार करना है। पूर्व निर्धारित मानदंडों को पूरा करने पर राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों (एनक्यूएएस) का प्रमाणन प्रदान किया जाता है। प्रमाणित सुविधाओं को उनके अच्छे काम की मान्यता के रूप में वित्तीय प्रोत्साहन भी प्रदान किया जाता है।


## आवश्यकता है

लड़के एवं लड़कियों की
वेतन चार अंकों में
भिलाई मसाला उद्योग
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766






Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65





Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

खास खबर...



## बृजमोहन ने रायपुर में किया 2.50 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ

**रायपुर ( ए )।** रायपुर दक्षिण विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने चांगोराभाटा क्षेत्र में रविवार को 43 लाख रुपए के विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र चांगोराभाठा का विकास उनकी प्राथमिकता में रहता है। इस क्षेत्र की आबादी लगभग 50 हजार की आबादी क्षेत्र में निवास करती है। एक वक्त था जब यह पूरी जमीन दलदली हुआ करती थी। सड़क, पानी, बिजली का अभाव था। परंतु पिछले 15 सालों में लगभग 200 करोड़ राशि का विकास कार्य यहां हमने किया है। भाजपा सरकार के दौरान लोक निर्माण विभाग से पूरे क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया है। अभी क्षेत्र के डामरीकरण के लिए 2.65 करोड़ की राशि भी स्वीकृत हुई है।

इस अवसर पर क्षेत्र शिव मंदिर परिसर के पास शीतला तालाब में रंगमंच निर्माण, साई मंदिर दर्री तालाब के पास रंगमंच एवं चबुतरा निर्माण, बीएसयूपी कालोनी में रंगमंच (चबुतरा), शीतला मंदिर के सामने रंगमंच निर्माण चंगोराभाठा, सामुदायिक भवन निर्माण चिंगरी नाला के पास चंगोराभाठा रायपुर। झंडा चौक, शिव नगर, चंगोराभाठा में रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। साथ ही चंगोराभाठा सामुदायिक भवन (कृष्ण यादव समाज के पास) निर्माण, श्रीराम नगर चंगोराभाठा रायपुर में सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण, श्रीराम नगर हनुमान मंदिर चौक में रंगमंच निर्माण, पैसठ घर शिव मंदिर के पास रंगमंच निर्माण, शिव नगर चौहान दुकान के पास मोहन वर्मा गली में सामुदायिक भवन निर्माण, बी.एस. यू.पी कालोनी दरी में माँ भगवती तालाब सामुदायिक भवन के पास चबूतरा निर्माण का लोकार्पण किया।

### भाटागांव में 1.29 करोड़ से बनने जा रहे हाट बाजार का भूमिपूजन

बृजमोहन अग्रवाल ने अपने विधानसभा क्षेत्र के भाटागांव में 1.29 की लागत से बनने जा रहे हाट बाजार का भूमि पूजन किया। इसके अलावा. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र 61 अंतर्गत भाठागांव में साबुन डबरी के पास अधूरे सामुदायिक भवन को कार्य करने एवं पुराने का जीर्णोद्धार 33.50, डॉ. रावणभाठा में सहरिया माता ज्योति कक्ष भवन व रंगमंच निर्माण कार्य के लिए 10 लाख, भाठागांव में दुर्गा माता चबूतरा का मरम्मत व बरगद चबूतरा का मरम्मत व जीर्णोद्धार कार्य 6 लाख, शासकीय शहरी उप स्वास्थ्य केन्द्र भाठागांव रायपुर में कक्ष निमार्ण कार्य 14. 17लाख का लोकार्पण किया. तथा बजरंग चौक, मठपुरैना में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 10 लाख, सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, सोनकर पारा, जागृति स्कूल के सामने भाठागांव 3 लाख का भूमि पूजन किया।

# महावीर के अहिंसा परमो धर्म का सन्देश लेकर दौड़े धावक

### भारत के 68 स्थानों और 22 देशों में आयोजित दौड़ गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

**रायपुर (ए)।** जीवन में हम न जाने कितना दौड़ते हैं, और हमारी सारी मेहनत खुले आसमान में खुद की उड़ान भरने के लिए होती है। लेकिन आज की इस भाग-दौड़ में हम अपनों से दूर होते जा रहे हैं। लोगों को एक सूत्र में जोड़ने और महावीर के अहिंसा परमोधर्म तथा जियो और जीने दो का सन्देश लेकर रविवार को देश के 68 स्थानों सहित 22 देशों में जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन की लेडीज़ विंग (जीतो) ने अहिंसा दौड़ का आयोजन किया। रायपुर के दादाबाड़ी से यह दौड़ प्रारंभ हुई।



महावीर के अहिंसा परमोधर्म तथा जियो और जीने दो का सन्देश लेकर रायपुर में रविवार सुबह 5.30 बजे दादाबाड़ी में 5 किमी तथा 3 किमी की दौड़ लगाने वाले धावकों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह इन्होने जुंबा तथा स्ट्रेचिंग की। सुबह 6 बजे 5 किमी दौड़ने वाले धावकों का फ्लैग ऑफ हुआ। फ्लैग ऑफ राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक और प्रकाश सुराना ने किया। इसके बाद 6.30 बजे 3 किमी दौड़ने वाले धावकों का फ्लैग ऑफ प्रकाश सुराना और चमेला चौधरी ने किया। फ्लैग ऑफ के दौरान छोटे बच्चों ने स्केट्स के साथ धावकों को एस्कॉर्ट किया। यह अहिंसा दौड़ भारत के 68 स्थानों और विश्व के 22 देशों 2 अप्रैल को एक साथ आयोजित की गई। यहां कार्यक्रम महावीर जयंती उत्सव समिति के तत्वाधान में जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन की लेडीज विंग द्वारा आयोजित किया गया।

जीतो लेडीज विंग की चेयर पर्सन डॉ. सरिता चौधरी और चीफ सेक्रेटरी मोनिका सुराना ने बताया कि छत्तीसगढ़ ही एक ऐसा राज्य है जहां हमने रजिस्ट्रेशन फ्री कर दिया है। हम धावकों को टी-शर्ट, मैडल और गुडी बैग भी दे रहे हैं। इस कार्यक्रम में लगभग 2500 लोगों ने भाग लिया है। सभी लोगों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई, जिसकी सबने तारीफ की। अहिंसा रन कन्वेयर प्रतीक जैन और रेखा गंगवाल ने बताया कि दौड़ने के मार्ग को हमने अच्छे से सजाया। मार्ग में चार स्थानों पर जैन सोशल ग्रुप ने हाइड्रेशन, एनर्जी ड्रिंक और फलों का इंतजाम किया था। सभी लोगों के मनोरंजन के लिए सेल्फी पॉइंट, फिनिशिंग पॉइंट रखे गए थे।

इस अवसर पर रायपुर चैप्टर के चेयरमैन अशोक पटवा ने कहा कि हमें अहिंसा रन के शुभ परिणाम अवश्य देखने को मिलेंगे। जीतो अपेक्स के नेशनल ट्रस्टी जयकुमार बैद ने कहा कि रायपुर में जीतो के चैप्टर, जीतो लेडीज़-यूथ विंग ने इसके लिए एक महीने से कठिन परिश्रम किया है, जिसके कारण यह कार्यमक्रम इतना सफल हो पाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लेट्स रन, ग्रीन आर्मी, टूर-द-रायपुर, जियो और जीवन दो की टीम ने भी अपना योगदान दिया।

रायपुर चैप्टर के चेयरमैन अशोक पटवा ने कहा कि जीवन में हम न जाने कितना दौड़ते हैं, और यह हमारी सारी मेहनत खुले आसमान में खुद की उड़ान भरने के लिए होती है। पिछले एक महीने की मेहनत का नतीजा है कि आज का आयोजन बेहद सफल रहा। यह विश्वस्तरीय आयोजन जिसका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया गया है।

### दिगंबर जैन मंदिर कचना मे मुनि सुव्रतनाथ की काले पाषाण की प्रतिमा स्थापित

**रायपुर ( ए )।** रायपुर के कचना स्थित नवनिर्मित दिगम्बर जैन मंदिर अमलतास कैंसल मे रविवार को भगवान मुनिसुव्रत नाथ की 51 इंच काले पाषाण प्रतिमा तथा अन्य छोटी प्रतिमाएं विराजमान की गईं।

मंदिर के संरक्षक अजित जैन (पारस हैंडलूम ) ने बताया की सभी प्रतिमाओ की प्रतिष्ठा अमरकंटक मे आचार्य विद्यासागर महाराज की सानिध्य मे चल रहे पंचकल्याणक महामहोत्सव मे की गई है। तदुपरान्त सभी प्रतिमाओ को सड़क मार्ग सें लाकर दिगम्बर जैन मंदिर अमलतास कैंसल कचना मे विराजमान किया गया है। सभी प्रतिमाओ का पूजन अभिषेक शांति धारा आरती की गयी। इस अवसर पर प्रदीप जैन (विश्वपरिवार) नरेन्द्र जैन, शैलेंद्र जैन, कुलदीप सिंघई विपिन जैन, अशोक अनमोल जैन, विनय जैन , डॉ. अमित जैन, ममता जैन , संजय जैन (नायक), संजय जैन (सतना), सुरेश मोदी, अजय रावका के साथ बाड़ी संख्या मे धर्म प्रेमी बंधु महिलाएं व बच्चे उपस्थित थे।

## भाजपा की बैठक में बूथ सशक्तिकरण महाभियान की हुई समीक्षा

**रायपुर ( ए )।** भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के आह्वाहन पर बूथ सशक्तिकरण महाभियान चला रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा द्वारा राज्य के प्रत्येक जिले में बूथ की मजबूती के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी कड़ी में रायपुर शहर जिला द्वारा जिला अध्यक्ष जयंती भाई पटेल के नेतृत्व में रायपुर शहर जिला की चारों विधानसभाओं की पृथक बैठकों का आयोजन जिला कार्यलय एकात्म परिसर में किया जा रहा है। रविवार को सर्वप्रथम दक्षिण विधानसभा की बैठक दक्षिण विधायक पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल एवं जयंती पटेल के नेतृत्व में एकात्म परिसर में आहूत की गई। दक्षिण विधानसभा में निवासरत समस्त प्रदेश एवं जिला पदाधिकारीयो सहित मंडल पदाधिकारी, पार्षदों, शक्ति केन्द्र संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष ने शिरकत की।

बैठक का मूल उद्देश्य बूथ सशक्तिकरण अभियान की समीक्षा एवं इससे संबंधित आगामी कार्यक्रम के आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए भाजपा ने बूथ सशक्तिकरण अभियान को मजबूती से धरातल पर करने विभिन्न बिंदुओं पर जोर दिया है जिसमे टोली निर्माण , बूथ के प्रभावी मतदाता प्रमुख का निर्माण, सामाजिक प्रमुख निर्माण, पूरे बूथ के मतदाताओं की ग्रेडिंग और व्हाट्सप्प ग्रुप का निर्माण प्रमुख है।

जिला अध्यक्ष जयंती भाई पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह संगठन पर्व है बूथ सशक्तिकरण महाभियान की सफलता का परिणाम हमे आगामी चुनाव में देखने को मिलेगा। आपको ज्ञात होगा कि 17 से 27 मार्च तक हमे बूथ सशक्तिकरण का कार्य पूरा करके जमा करना था जिस बूथ पर सशक्तिकरण की निर्धारित 31 सदस्य की समिति का गठन यदि आपने पूर्ण कर लिया तो मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि आपको आपके बूथ पर कोई नही हरा सकता। मुझे प्राप्त जानकारी अनुसार शहर जिला के लगभग 90 प्रतिशत बूथों पर इसका कार्य पूर्ण हो चुका है।

# डायलिसिस की सुविधा के लिए एम्स में प्रशिक्षण

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ के 22 जिलों में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम जीवनधारा के अंतर्गत डायलिसिस की सुविधा प्रदान करने के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा 30 से अधिक चिकित्सकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसकी मदद से अब प्रदेश के सुदूरवर्ती जिलों में डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध होगी और रोगियों को इसके लिए मेट्रो शहर की ओर नहीं जाना होगा।



नेशनल हैल्थ मिशन, छत्तीसगढ़ और एम्स के नेफ्रोलॉजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इसके लिए सतत् प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम एम्स में संपन्न हुआ। इसमें 22 जिलों जिसमें दुर्ग, बेमेतरा, जशपुर, कोरबा, बिलासपुर, कांकेर, सरगुजा, बालोद, बीजापुर शामिल हैं, के 30 से अधिक चिकित्सकों को डॉ. विनय राठौड़ और डीकेएस के डॉ. वरूण अग्रवाल ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने चिकित्सकों को श्रेष्ठ प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एम्स की प्रतिबद्धता को व्यक्त किया। उनका कहना था कि किडनी रोगियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रदेश के सभी हिस्सों में डायलिसिस की सुविधा प्रदान करने की आवश्यकता है। इसके लिए एम्स हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। डॉ. राठौड़ ने बताया कि प्रदेश में जीवनधारा योजना के अंतर्गत 100 डायलिसिस मशीन लगाई गई हैं। इस अवसर पर जीवनधारा के नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश जैन ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए एम्स को धन्यवाद दिया। इसके साथ ही उन्होंने सभी जिलों में डायलिसिस की सुविधा रोगियों को प्रदान करने के लिए चिकित्सकों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता प्रो. आलोक चंद्र अग्रवाल और डॉ. रणवीर बघेल ने भी भाग लिया।

### लावारिस लाशों को जलाएगी सरजूबांधा समिति

# तालाब में कचरा नहीं फेंकने और युवाओं को नशे से दूर रहने किया जागरूक

**रायपुर ( ए )।** राजधानी रायपुर में संजय नगर टिकरापारा स्थित सरजूबांधा नया तालाब श्मशान घाट समिति ने पदयात्रा निकाली है। जिसमें उन्होंने आसपास के नागरिकों को जागरूक किया है कि वे तालाब में कचरा नहीं फेंके। इसके साथ ही उन्होंने युवाओं से नशाखोरी न करने की अपील की है।



शमशान समिति के अध्यक्ष ने कहा है कि सदस्यों के सामूहिक प्रयासों से शहर के लावारिस लाशों को भी पूरे सम्मान में साथ जलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान शमशान विकास घाट समिति के अध्यक्ष माधव लाल यादव ने लोगों से अपील की है कि पुरखों के मठों पर गंदगी ना फैलाएं, इसके साथ ही नाली में कचरा ना फेंके और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाएं। यदि आसपास क्षेत्र में गंदगी नहीं फैलेगी तो एक स्वच्छ वातावरण बनेगा।

उन्होंने लोगों से स्वर्ग रथ, एंबुलेंस, बॉडी फ्रीजर और व्हीलचेयर जैसी सुविधाओं के लिए दान देने का आग्रह किया है। उन्होंने लोगों से मानव कल्याण और सेवा करने की अपील की है। माधवलाल ने बताया कि सरजूबांधा श्मशान विकास समिति के प्रयासों से श्मशान घाट में लावारिस लाशों को जलाया जा रहा है। जिससे मृत व्यक्ति की मुक्ति मिल सके।

## उत्कल दिवसः राज्य की प्रथम महिला सुप्रभा हरिचंदन ने किया स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य की प्रथम महिला सुप्रभा हरिचंदन ने उत्कल दिवस के अवसर पर जगन्नाथ मंदिर परिसर, गायत्री नगर में श्री जगन्नाथ सेवा समिति तथा उत्कल सांस्कृतिक परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रथम महिला श्रीमती हरिचंदन ने महाप्रभु जगन्नाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और उपस्थित जनों को उत्कल दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने श्री जगन्नाथ सेवा समिति के इस पुनीत पहल की सराहना भी की। इस अवसर पर प्रथम महिला सुप्रभा हरिचंदन के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सेवा प्रदान करने वाले डॉक्टरों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



उल्लेखनीय है कि उत्कल दिवस के अवसर पर आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में छत्तीसगढ़ तथा ओडिशा के विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। शिविर में प्रमुख रूप से स्त्री रोग, किडनी, मेडिसिन विभाग, दंत, अस्थि तथा नाक, कान, गला सहित कई विशेषज्ञ डॉक्टर निःशुल्क परीक्षण व परामर्श देंगे। इस अवसर पर जगन्नाथ सेवा समिति के पुरंदर मिश्रा तथा उत्कल सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष डॉ. के. के. भोई ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का ज्यादा से ज्यादा लोगों से लाभ उठाने का अनुरोध किया।

# बैगा समुदाय की महिलाओं ने देखा दिल्ली का अमृत उद्यान

### राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से नई दिल्ली स्थित अमृत उद्यान में कबीरधाम जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय की महिलाओं ने सौजन्य मुलाकात की और उन्हें बिरन माला भेंट की। राष्ट्रपति मुर्मू ने छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया सम्बोधित कर महिलाओं का मनोबल बढ़ाया।



गौरतलब है कि कबीरधाम जिले के बैगा समुदाय की महिलाओं का स्व-सहायता समूह अमृत उद्यान के भ्रमण के लिए इन दिनो नई दिल्ली प्रवास पर थी। देशभर की अलग-अलग क्षेत्रों से आने वाले लोगों के लिए 28 से 31 मार्च तक अमृत उद्यान दर्शन के लिए खोला गया था। कबीरधाम जिलें के पंडरिया विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों के बैगा समुदाय की महिलाओं ने आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने और आजादी के अमृत वर्ष में तैयार किए गए अमृत उद्यान का 31 मार्च 2023 को भ्रमण किया। राष्ट्रपति भवन स्थित इस उद्यान में कबीरधाम सहित दो अन्य जिले कोरबा और गरियाबंद की महिलाओं ने भी राष्ट्रपति से मुलाकात की।

छत्तीसगढ़ के महिला समूहों की सदस्यों ने बताया कि राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान का भ्रमण एवं राष्ट्रपति से हुई मुलाकात से न केवल समूह का सम्मान बढ़ा बल्कि जिले के लिए भी गौरव का विषय है इससे उन्हें नई ऊर्जा मिली है। कबीरधाम जिले से पंडरिया विकासखंड के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय की महिलाओं में धनमत, दशमी बाई, लक्ष्मीया, इंद्रावती, रामकली, फूलबत्ती, चंपा बैगा, बिंदा, पार्वती एवं सावनी बाई शामिल थी।

राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखण्ड के अंतर्गत कार्यरत स्व-सहायता समूह के सदस्यों को नई दिल्ली राष्ट्रपति भवन में अमृत उद्यान दर्शन के लिए भेजा गया था। सभी महिलाएं विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय से संबंधित थी। ये महिलाएं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने प्रयासरत हैं।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















फिल्म बवाल की नई रिलीज डेट जारी

## पहली बार साथ आए वरुण धवन और जान्हवी कपूर

पिछले काफी समय से वरुण धवन और जान्हवी कपूर फिल्म बवाल को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि इसके जरिए पहली बार वरुण और जान्हवी की जोड़ी दर्शकों के बीच आ रही है। फिल्म से जुड़ी आए दिन नई जानकारी सामने आ रही है, जिससे इसे लेकर दर्शकों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। अब फिल्म की नई रिलीज डेट सामने आई है। आइए जानते हैं पर्दे पर कब आएगी फिल्म। फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने ट्विटर पर वरुण और जान्हवी की तस्वीर के साथ फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला और निर्देशक नितेश तिवारी की तस्वीर साझा कर लिखा, बवाल की नई रिलीज डेट जारी। यह 6 अक्टूबर, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बवाल पहले 7 अप्रैल, 2023 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन फिर इसकी रिलीज टाल दी गई। खुद फिल्म के निर्देशक ने बताया कि अभी इसका काफी काम बचा है, इसलिए रिलीज आगे बढ़ाई गई है। वरुण ने भी सोशल मीडिया पर अपनी इस फिल्म की रिलीज की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, बवाल 6 अक्टूबर, 2023 को रिलीज हो रही है। पहली बार जाह्नवी मैम के साथ काम कर रहा हूं और राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी साजिद नाडियाडवाला और नितेश तिवारी सर की टीम का हिस्सा बनकर उत्साहित हूं। बवाल एक छोटे शहर के लड़के की कहानी है, जो वह शहर की सबसे खूबसूरत मानी जाने वाली लड़की से शादी करना चाहता है। बवाल में खूब एक्शन देखने को मिलेगा। फिल्म को बेहतरीन बनाने के लिए स्टंट डायरेक्टर और स्टंटमैन को खासतौर पर जर्मनी से हायर किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म के एक्शन सीन को शूट करने में अनगिनत ग्रेनेड, चाकू और अलग-अलग तरह के विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। इसे शूट करने में 10 दिनों का समय लगा था और इसका बजट करीब 2.5 करोड़ रुपये था।

# घरेलू कीट की समस्याओं से राहत पाने के लिए आजमाएं ये 5 प्राकृतिक उपचार

लगभग हर घर में चींटियों, मच्छरों, तिलचट्टों, मकड़ियों, और खटमल जैसे कीट मौजूद रहते हैं। इनसे निपटने के लिए बाजार में कई तरह के रायासनों से भरे पेस्ट किलर उपलब्ध हैं, लेकिन ये स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं और सांस की बीमारियों का कारण भी बन सकते हैं। इसके बजाय आपको घरेलू उपचार अपनाना चाहिए क्योंकि यह सुरक्षित और प्रभावी होते हैं। आइए आज घरेलू कीट की समस्याओं से राहत पाने के लिए 5 प्राकृतिक उपचार जानते हैं।

### नमक का करें इस्तेमाल

घर में मौजूद पिस्सू और चींटियां जैसे अन्य कीटों को दूर रखने के लिए नमक एक बेहतरीन प्राकृतिक उपचार है। यह घर को स्वच्छ रख सकता है, जिससे हानिकारक बीमारियों के जोखिम को रोका जा सकता है। चींटियों या पिस्सुओं को घर में प्रवेश करने से रोकने के लिए अपने घर के दरवाजों और खिड़कियों के चारों ओर नमक छिड़कें। इसके अलावा कालीनों पर भी नमक छिड़कें क्योंकि पिस्सू आमतौर पर इन क्षेत्रों के आसपास ज्यादा रहते हैं।

### टी ट्री और नीलगिरी तेल का मिश्रण है मददगार

टी ट्री ऑयल एंटी-सेप्टिक, एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों के लिए जाना जाता है। यह कीटनाशक के रूप में भी कार्य कर सकता है। दूसरी ओर नीलगिरी तेल की तेज गंध कीड़ों को कमरे और घर से दूर रखने में मदद करती है। लाभ के लिए टी ट्री ऑयल और नीलगिरी का तेल पानी में मिलाएं और इसे कमरे के चारों ओर स्प्रे करें। आप चाहें तो इससे अलमारी के दरवाजे भी पोंछ सकते हैं।

### बेकिंग सोडा भी है प्रभावी

बेकिंग सोडा भी एक प्राकृतिक कीटनाशक के रूप में कार्य कर सकता है।



यह कीटों में विशेष रूप से तिलचट्टों और कीड़ों को जहर देने, काटने या डिहाइड्रेट करने में मदद करता है। आप चाहें तो बेकिंग सोडा के साथ थोड़ा चीनी का पाउडर भी मिला सकते हैं। इससे कीटों को लुभाने में आसानी होगी, जिससे वह इसे आसानी से खाकर खत्म हो जाएंगे। इसके लिए आपको जहां भी कीड़े दिखें वहां इस मिश्रण को छिड़क दें।

### पुदीने की पत्तियां है असरदार

तीखी गंध और औषधीय और अरोमाथेराप्यूटिक गुणों से भरपूर पुदीना मच्छरों, मक्खियों और चींटियों जैसी रोजमर्रा कीटों की परेशानियों को घर से दूर रखने में मदद करता है। दरअसल, पुदीने की पत्तियों में मौजूद मेन्थॉल मच्छरों और माइट्स के लिए कीटनाशक का काम करता है। इसके लिए आप घर के दरवाजे, खिड़की, बालकनी या प्रवेश द्वार के आसपास पुदीने की ताजी पत्तियां रख सकते हैं।

### नींबू के रस का करें इस्तेमाल

नींबू की खट्टी महक मकड़ियों और चींटियों जैसे आम कीड़ों को दूर रखती है क्योंकि उन्हें इसकी गंध पसंद नहीं होती है। इसके लिए थोड़े से पानी में नींबू के रस को मिलाएं। अब इस रस को एक स्प्रे बोतल में डाल दें। इसे दरवाजे और खिड़कियों समेत उन क्षेत्रों को साफ रखने के लिए स्प्रे करें जहां कीट मौजूद हों। नींबू के प्रभाव को बढ़ाने के लिए आप इसे सिरके के साथ भी मिला सकते हैं।

# गर्मियों में ये 5 प्राकृतिक चीजें कर सकती हैं सनस्क्रीन का काम

किसी के स्किन केयर किट में सबसे आवश्यक उत्पादों में से एक सनस्क्रीन है। यह त्वचा को सूरज की हानिकारक यूवी किरणों से बचाता है, जो सनबर्न, झुर्रियों और महीन रेखाओं का कारण बनती हैं। वैसे तो बाजार में कई सनस्क्रीन उपलब्ध हैं, लेकिन वह रसायनों से भरे हुए होते हैं। इस कारण आपको प्राकृतिक और घरेलू उपचारों का इस्तेमाल करना चाहिए। आइए आज हम आपको सनस्क्रीन के रूप में बेहतरीन काम करने वाले 5 प्राकृतिक तत्व बताते हैं।

### नारियल का तेल

यदि आप एक प्राकृतिक सनस्क्रीन की तलाश कर रहे हैं, जो आसानी से उपलब्ध हो तो नारियल का तेल सबसे अच्छा विकल्प है। यह हाइड्रेटिंग तेल सूरज की हानिकारक किरणों को 20 प्रतिशत तक रोक सकता है और त्वचा की रक्षा कर सकता है। यह स्ट्रेच मार्क्स से भी छुटकारा दिला सकता है अगर आप लंबे समय तक धूप में रहते हैं तो बेझिझक यह तेल लगा सकते हैं। यह आपकी त्वचा को मॉइस्चराइज करने में भी मददगार है।

### तिल का तेल

प्राकृतिक सनस्क्रीन के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए तिल का तेल एक अच्छा विकल्प है। यह सूरज की हानिकारक यूवी किरणों को लगभग 30 प्रतिशत तक रोक सकता है। इससे आपकी त्वचा सनबर्न और महीन रेखाओं से बची रहेगी। एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर यह तेल झुर्रियों, रंगत और त्वचा की अन्य समस्याओं को कम करने के साथ सेहत के लिए भी लाभदायक है। इसमें मौजूद विटामिन- इ त्वचा को पर्यावरण प्रदूषण और विषाक्त पदार्थों से भी बचाता है।



### शिया बटर

यदि आप बहुत कम समय के लिए बाहर जा रहे हैं तो शिया बटर का इस्तेमाल आराम से किया जा सकता है। इसका कारण है कि इसमें केवल 3 से 4 का अनुमानित एसपीएफ़ होता है। विटामिन- ए और इ से भरपूर शिया बटर संवेदनशील त्वचा के लिए भी इस्तेमाल करने के लिए पूरी तरह से सुरक्षित है। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट त्वचा को फ्री रैडिकल डैमेज से बचाते हैं, जिससे सूरज की क्षति से होने वाली जलन से राहत मिलती है।

### एलोवेरा

एलोवेरा एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है। यह त्वचा पर लालिमा, सनबर्न और सूजन को रोकने में अत्यधिक प्रभावी है। यह सूरज की यूवी किरणों के लगभग 20 प्रतिशत तक रोक सकता है। इसके साथ ही यह त्वचा को पोषण देकर और संक्रमण को कम करके त्वचा की बनावट में सुधार करता है। अगर आप सनबर्न की समस्या से परेशान हैं तो आप इससे राहत पाने के लिए कुछ ताजा एलोवेरा जेल लगा सकते हैं।

### ग्रीन टी

ग्रीन टी पॉलीफेनोल एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होती है। यह प्राकृतिक सन-ब्लॉकिंग एजेंट के रूप में कार्य करके त्वचा को सूरज की क्षति से बचाती है। इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण त्वचा की लालिमा, सूजन और जलन को कम करने में मदद करते हैं। लाभ के लिए ग्रीन टी को पानी के साथ उबालें, फिर इसे रातभर के लिए छोड़ दें। सुबह इस मिश्रण को छानकर इसके पानी को स्प्रे बोतल में डालें और बाहर निकलने से पहले इसे त्वचा पर स्प्रे करें।

## डबल रोल निभाना आसान नहीं: नामिक पॉल

लग जा गले के एक्टर नमिक पॉल ने शो में डबल रोल को निभाने के बारे में बात की और कहा कि एक ही समय में दो अलग-अलग व्यक्तित्वों का किरदार निभाना काफी दिलचस्प है। उन्होंने कहा: एक अभिनेता के रूप में, मुझे लगता है कि डबल रोल निभाना का एक शानदार अवसर है।

जहां मुझे अहंकारी और आत्मविश्वासी शिव का किरदार निभाना पसंद है, वहीं शमीर्ले अनिकेत का किरदार भी मजेदार है। उसकी बॉडी लैंग्वेज, बोलने का तरीका और खासतौर से ईशानी के प्रति उसका व्यवहार बहुत अलग है, और यह मुझे एक्सप्लोर करने और सुधार करने का कई मौका दे रहा है।

नमिक ने कुबूल है से अपने अभिनय की शुरूआत की, और एक दूजे के वास्ते, एक दीवाना था जैसे शो से लोकप्रियता हासिल की। एक्टर वर्तमान में लग जा गले में नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा, व्यक्तिगत रूप से, लग जा गले के लिए दो किरदार निभाना मजेदार रहा है, हालांकि, मैं अभी भी एक किरदार से दूसरे किरदार में बदलने की कला में महारत हासिल कर रहा हूं, यह देखते हुए कि वे एक-दूसरे के बहुत विपरीत हैं, यह आसान नहीं है। दिल्ली की पृष्ठभूमि पर आधारित, लग जा गले सेल्फ-मेड होटल बिजनेसमैन शिव (नामिक पॉल) और एक मेहनती लड़की ईशानी (तनीषा मेहता) की कहानी है, और कैसे परिस्थितियों के कारण उन्हें शादी करने के लिए मजबूर किया जाता है।लग जा गले जी टीवी पर प्रसारित होता है।



## रेड वाइन साड़ी के साथ अनुपमा अग्निहोत्री ने दिखाया खूबसूरती का जलवा

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुपमा अग्निहोत्री की ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाए रहती हैं। उनकी किलर तस्वीरें फैंस के दिलों को बेताब किए रहती हैं। वहीं, उनकी रेड वाइन कलर की साड़ी में तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। रेड वाइन कलर की साड़ी में एक्ट्रेस अनुपमा अग्निहोत्री बेहद ही कातिलाना अंदाज में नजर आ रही हैं। उनकी स्टनिंग तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। साड़ी में अनुपमा अग्निहोत्री अपनी कमर और डीपनेक ब्लाउज वाले स्टाइल को फ्लॉन्ट कर रही हैं। ओपन हेयर स्टाइल के साथ एक्ट्रेस अनुपमा अग्निहोत्री बेहद ही गजब की बला लग रही हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। गले में हार और कानों में ईयरिंग्स के साथ ही एक्ट्रेस अनुपमा अग्निहोत्री बेहद ही स्टनिंग लग रही हैं। अनुपमा अग्निहोत्री बिकिनी पहनने से कतई गुरेज नहीं करती हैं। उनकी बिकिनी में तस्वीरें देखकर किसी का भी पसीना छूट जाए। कर्वी फिगर और ग्लैमरस अंदाज देखकर हर कोई अनुपमा अग्निहोत्री का दीवाना बन जाए। सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टिव रहने वाली अनुपमा अपनी हॉट तस्वीरों को शेयर करती रहती है। मोनोकिनी आउटफिट में अनुपमा अपने फैंस के दिलों पर कहर ढा रही हैं। एक्ट्रेस अनुपमा अग्निहोत्री ने बॉलीवुड में गोविंदा के साथ रंगीला राजा में नजर आई थीं।

## रहस्य और रोमांच से भरपूर है गैसलाइट

गैसलाइट शब्द का प्रयोग क्रिया के रूप में किसी व्यक्ति के मनोविज्ञान में चालाकी से हेरफेर करने लिए किया जाता है, ताकि पीड़ित खुद अपने ही विचारों की वैधता पर सवाल उठाने लगे, उसके लिए सच्चाई की धारणा बदल जाए। पवन कृपलानी द्वारा निर्देशित गैसलाइट एक क्लासिक साइकोलॉजिकल थ्रिलर है।

कहानी की शुरूआत में ही समझ आ जाता है कि एक मर्डर हुआ है। यहां सवाल किसने किया का नहीं बल्कि क्यों और कैसे किया का है? फिल्म में खुलते जा रहे धीरे-धीरे रहस्य आपको सीट से बांधे रखेंगे। कहानी हमें रतन सिंह गायकवाड़ की हवेली मायागढ़ महल में ले जाती है, यहां एक होम वीडियो की क्लिप के जरिए उनकी बेटी मिश्री उर्फ मीशा का जन्मदिन मनाते हुए दिखाया गया है। मीशा की मां की एक भयानक दुर्घटना में मौत हो जाती है। सालों बाद, व्हीलचेयर-बाउंड मीशा (सारा अली खान) अपने पिता के साथ सुलह करने के लिए घर लौटती है, जिनके साथ उसके एक तनावपूर्ण रिश्ता है। जब वह घर आती है, तो उसकी सौतेली मां रुक्मिणी (चित्रांगदा सिंह) और घर के बाकी लोगों द्वारा उसका घर में स्वागत किया जाता है, लेकिन उसके पिता रतन सिंह गायकवाड़ वहां मौजूद नहीं होते। हवेली में रहने के दौरान, मीशा अजीबों-गरीब घटनाओं का अनुभव करती है। झूठे आरोप, मनगढ़ंत कहानियां और बनावटी दृश्यों के साथ सारा को उलझाने की कोशिश की जाती है। जिससे सारा परेशान हो जाती है। रतन सिंह गायकवाड़ के एस्टेट मैनेजर कपिल का किरदार विक्रांत मैसी ने निभाया है।

वहीं, चित्रांगदा सिंह ने रुक्मिणी के किरदार में फिट बैठने के लिए काफी मेहनत की है। दोनों ही षड़यन्त्र रच रहे हैं। अक्षय ओबेरॉय ने शानदार ढंग से मीशा के दूर के चचेरे भाई राणा जय सिंह की भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक अशोक तंवर के रूप में राहुल देव और फैमिली डॉक्टर के रूप में शिशिर शर्मा कलाकारों की लिस्ट में शामिल हैं। शानदार हवेली, स्थान और फिल्म में इस्तेमाल किए गए प्रॉप्स की सेटिंग कहानी को भयानक और प्रशंसनीय बनाती है। सिनेमैटोग्राफर रागुल धरुमन का एक्शन और ड्रामा फिल्म में जान डाल रहा है। उनके डार्क फ्रेम फिल्म को दिलचस्प बना रहे हैं। फिल्म के कई सीन्स प्रतीकात्मकता और कलात्मक कल्पना पर बहुत अधिक निर्भर करते हैं।

## फिल्म की शूटिंग के लिए ऊटी पहुंची नोरा फतेही

नोरा फतेही भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में सबसे पॉपुलर पर्सनैलिटी में से एक हैं. बॉलीवुड डीवा ने दिलबर, ओ साकी साकी जैसे कई सारे आइटम नंबरों से दर्शकों का दिल जीता हुआ है. साथ ही खुदको भारत की बेस्ट डांसर में से एक साबित किया है. इन सबके बीच, नोरा फतेही ने हाल ही में अपनी अगली फिल्म की शूटिंग ऊटी में शुरु कर दी है. साथ ही उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं.यही नहीं, उनके इंस्टाग्राम पोस्ट में एक बंदर की वीडियो भी देखी जा सकती है. आपको बता दें कि, नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम पर लिया और अपनी अगली फिल्म के सेट से कई तस्वीरें और एक वीडियो शेयर किया. बता दें, उन्होंने इसकी शूटिंग तमिलनाडु के ऊटी में शुरु कर दी है. नोरा अपनी तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा , नई शुरुआत. यह ऊटी में यहां एक वाइब है! शूट का पहला दिन था. एक्ट्रेस की लुक की बात करें तो, व्हाइट स्लीवलेस टॉप और लाइट-ब्लू डेनिम जींस में नोरा दिलकश लग रही थीं. फोटो में वह ऊटी वैली की खूबसूरत सड़क पर खड़ी नजर आ रही हैं. दिलचस्प बात यह है कि उनकी अगली फिल्म के सेट पर एक खास मेहमान पहुंचे, जिससे नोरा के फैंस हैरान रह गए. यह और कोई नहीं बल्कि एक बंदर था जो सड़क के किनारे चल रहा था. एक्ट्रेस ने इस मोमेंट को रिकॉर्ड किया और इसे अपने सोशल मीडिया पर तस्वीरों के साथ पोस्ट भी किया.



दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बैन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### नि:शुल्क 30 दिवसीय महिला सिलाई प्रशिक्षण का आयोजन

**दंतेवाड़ा।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (एसबीआई आरसेटी) माझीपदर दंतेवाड़ा के द्वारा आज रविवार को 30 दिवसीय महिला सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तुलिका कर्मा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दंतेवाड़ा एवं सुकमा जिले के ग्राम एवं ग्राम पंचायत के गरीब परिवार के महिलाएं भाग ले रहे हैं, यह प्रशिक्षण 30 दिवस तक आयोजित होगी इस प्रशिक्षण में नि:शुल्क भोजन, नि:शुल्क हॉस्टल, नि:शुल्क प्रशिक्षण सामग्री एवं नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है, इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, आत्मविश्वास जागृत करना तथा स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। मुख्य अतिथि श्रीमती तूलिका कर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को अपने उद्बोधन में कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने आप को सशक्त बनाए आत्मनिर्भर बने तथा अपने माता-पिता ओं के सपना को साकार करें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को खेल-खेल के माध्यम से भी प्रशिक्षण कराया जाता है। संस्थान में कार्यरत धनंजय टंडन एवं ओम प्रकाश साहू ने बताया कि उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत आइस ब्रेकिंग टाइम मैनेजमेंट, कम्युनिकेशन स्किल, प्रॉब्लम सॉल्विंग तथा रिस्क लेने की क्षमता का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवराम बघेल, मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक दंतेवाड़ा, विशिष्ट अतिथि कंठुल्ला, मुख्य प्रबंधक ऋण विभाग भारतीय स्टेट बैंक दंतेवाड़ा द्वारा किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न ग्राम से आए प्रशिक्षणार्थी, मास्टर ट्रेनर तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि प्राप्त करने के लिए ई-केवायसी कराना अनिवार्य

**दल्लीराजहरा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत किसानों को वर्ष में प्रदान की जाने वाली 06 हजार रुपये की राशि प्राप्त करने के लिए सभी पात्र किसानों को ई-केवायसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। कृषि विभाग के उपसंचालक ने बताया इसके लिए प्रधानमंत्री किसान पोर्टल पर भी ई-केवासी अपडेट के लिए आप्शन दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी कराने हेतु पंजीकृत कृषक स्वयं प्रधानमंत्री पोर्टल में जाकर अपने आधार कार्ड नंबर का सत्यापन कर सकते हैं। पोर्टल से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस योजना का लाभ ले रहे जिले के पात्र किसानों की संख्या 01 लाख 28 हजार 234 हैं। जिसमें से अब तक 01 लाख 18 हजार 974 किसानों का ई-केवायसी पूर्ण हो चुका है। जिले के किसानों का ई-केवायसी का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। जिले के शेष विकासखण्डों के शत प्रतिशत किसानों के ई-केवायसी करने हेतु सोमवार 03 अप्रैल को तहसील स्तर शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### निधन



**श्रीमती अरूणा दुबे**

**भिलाई।** स्मृति नगर (हाईटेक अस्पताल के पीछे) भिलाई निवासी श्रीमती अरूणा दुबे का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 4 अप्रैल 2023 को सुबह 10 बजे निवास स्थान स्मृति नगर से रामनगर मुक्ति धाम के लिए निकलेंगी। वें स्व. वासुदेव दुबे रिटायर्ड आईपीएस की पत्नी थी।

रसमड़ा में नया आई.टी.आई. शुरू किए जाने की मुख्यमंत्री ने की घोषणा

# नगपुरा में आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस संकाय के लिये नया कॉलेज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान के तहत दुर्ग जिले के ग्राम पुरई पहुंचे। मुख्यमंत्री ने पुरई में भेंट-मुलाकात के दौरान 78 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। उन्होंने हितग्राही मूलक योजना के तहत शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को सामग्री का भी वितरण किया। मुख्यमंत्री ने शहीद लोकेश साहू की मूर्ति स्थापना के लिए 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि शासकीय योजनाओं से सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है।**




हमारी सरकार राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से किसानों को उनकी उपज को उचित कीमत में खरीदी के साथ बोनस दे रही है। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर और राजगीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्यमंत्री को भेंट-मुलाकात के दौरान ग्राम रिसामा की श्रीमती उर्वशी चंद्राकार ने बताया कि उनके पास आधा एकड़ खेत है और उनका ऋण माफी योजना के तहत 20 हजार रुपए का कृषि ऋण माफ हुआ है। श्री रमेश कुमार गजपाल ने बताया कि उन्होंने अब तक सवा लाख रूपए का धान बेचा और इससे हार्वेस्टर खरीदा। किसान तोषण कुमार साहू ने बताया कि उन्होंने 120 क्विंटल धान बेचा है और उनका 26 हजार रुपए का कर्ज माफ हुआ। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि अब प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान बेचने पर उन्हें 5 हजार रूपए का अतिरिक्त लाभ होगा। श्री थानेश्वर साहू ने मुख्यमंत्री को अपनी स्वरचित कविता सुनाई। शहीद श्री लोकेश साहू के नाम पर प्रतिमा लगाए जाने पर श्री थानेश्वर ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

ग्राम रसमड़ा के देवेंद्र कुमार वैष्णव ने बताया कि रसमड़ा औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण वहां कृषि भूमि नहीं है और औद्योगिक समूह उन्हें नौकरी नहीं दे रहे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के अधिकारी से जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि अब तक जिले में 1037 लोगों को रोजगार मिल चुका है। मुख्यमंत्री द्वारा भेंट-मुलाकात के दौरान राशन कार्ड के बारे में जानकारी लेने पर हितग्राही नॉमिन साहू ने बताया कि उनके घर मे 5 सदस्य हैं और उन्हें चावल, शक्कर, नमक सब राशन मिल रहा है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र अद्वितीय निरंकारी ने मुख्यमंत्री को बताया कि मुझे इस योजना से लाभ हुआ, महंगी स्कूल के फीस से राहत मिली, पहले स्कूल में 80 हजार रुपये फीस देना पड़ता था। अद्वितीय ने मुख्यमंत्री से सीबीएसई बोर्ड करने की मांग की।

मुख्यमंत्री द्वारा हाटबाजार क्लिनिक योजना के बारे में जानकारी लेने पर ग्राम उतई की श्रीमती राशि बंजारे ने बताया कि मुझे इस योजना से स्वास्थ्य लाभ मिला है। मुझे इंस्पायर अवार्ड में जो राशि मिली, उससे मैंने अपने भाई के लिए मोबाइल खरीदा है। सुश्री शशि ने मुख्यमंत्री को बताया कि उसके भाई का नीट की परीक्षा से अम्बिकापुर में चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उन्हें भाई की पढ़ाई के लिए सहायता राशि की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने शशि की तारीफकरते हुए ढाई लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने दिव्यांग बेटी हंसिका को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के बारे में पूछे जाने पर श्रीमती सरस्वती ने बताया कि उनका बेटा लक्ष्य शारीरिक रूप से दिव्यांग था। सुपोषण योजना के तहत आंगनबाड़ी में नियमित रूप से गर्म दूध, केला और पोषक खाद्य सामग्री मिलने से अब जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

निगम मंडल आयोग के पदाधिकारियों की बैठक

## सभी को भारत सत्याग्रह में सक्रिय भाग लेना है : कुमारी सैलजा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** आयोग निगम मंडल में नियुक्त कांग्रेस नेताओं की बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुये अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि आप सभी साथी जो संगठन के प्रतिनिधि के तौर पर सरकार में नियुक्त है उनका स्वागत है। आप सब सरकार में है तो संगठन के कार्यक्रमों को सही ढंग से क्रियान्वित करने की जवाबदारी आप सबकी और बढ़ जाती है। आज देश का लोकतंत्र खतरे में, विपक्ष के नेता के रूप राहुल गांधी आम आदमी की आवाज उठा रहे हैं। वे मोदी सरकार के भ्रष्टाचार अलोकतांत्रिक रवैये के खिलाफ आवाज उठा रहे है तो उनको निशाना बनाया जा रहा इस हेतु प्रदेश भर में कांग्रेस पार्टी जय भारत सत्याग्रह आंदोलन चला रही है। हर कांग्रेस के नेता, पदाधिकारी, निगम मंडल आयोग के पदाधिकारियों को इसमें पूरी सक्रियता से भाग लेना है।

प्रदेश प्रभारी कुमारी सेलजा ने कहा कि राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के बाद क्या परिस्थिति हुई। राहुल गांधी की यात्रा से साबित कर दिया है कि देश एक है। आरएसएस की विचारधारा लोगों को बांटने की है उससे जनता को कोई सरोकार नहीं है। करोड़ो लोग राहुल जी के साथ जुड़े है। राहुल जी ने आम लोगों की, जनता की, गरीब, मजदूर, महिलाओं, युवाओं की और आज के जो मुद्दे है उन्हें उठाया। राहुल गांधी ने लोगों से सीधा बातचीत की। शायद उस बात से भारतीय जनता पार्टी, केंद्रीय सरकार प्रधानमंत्री मोदी इस बात से घबरा गये। जब हमारी संसद चली राहुल जी ने चंद सवाल रखे। जो बाते सामने आयी है पब्लिक डोमेन में सार्वजनिक रूप से उसे जानते है। उन बातों को उठाकर राहुल जी ने प्रधानमंत्री जी से संसद में बतौर एक विपक्षी नेता कुछ बाते उठायी, मुद्दे उठाये, कुछ सवाल पूछे। विपक्ष सवाल उठाता है और सत्ता पक्ष उसका जवाब देता है। प्रधानमंत्री जी जवाब देते। लेकिन यहां पर आपने देखा कि शायद ये सवाल प्रधानमंत्री जी को ऐसे लगे कि अगर उनका जवाब आ जाएगा तो बहुत कुछ खुलेगा। इन बातों से बचने के लिये प्रधानमंत्री ने चक्रव्यूह रचे। एक ओर राहुल गांधी का सवाल पूछना, भारत जोड़ो यात्रा हुई। दूसरी ओर जिस तरह से उनके खिलाफ केस हुआ।

## बेरोजगारी भत्ता के लिए ऑनलाइन आवेदन, पोर्टल सातों दिन 24 घंटे खुला रहेगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** **बेरोजगारी भत्ते के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 01 अप्रैल से शुरू हो गयी। आवेदन ऑनलाइन लिए जा रहे हैं। इसके लिए शासन द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। पहले दिन 160 लोगों ने ऑनलाइन फॉर्म भरा। बेरोजगारी भत्ते का पोर्टल https//berojgaribhatta.cg.nic.in समस्त दिनों के लिए 24 घंटे खुला रहेगा, आवेदक इस पोर्टल पर अपनी सुविधा अनुसार कभी भी आवेदन कर सकते हैं।**

शासन ने प्रदेश के समस्त आवेदकों को यह भी सूचित किया है कि बेरोजगारी भत्ता योजना के लिए आवेदन करने की कोई अंतिम तिथि निर्धारित नहीं है और ना ही पोर्टल के खुलने या बंद होने का समय तय किया गया है। अप्रैल माह में किसी भी तारीख को आवेदन भरने पर भी पूरे अप्रैल माह का भत्ता आवेदकों को मिलेगा।

आवेदन के बाद सभी आवेदकों के दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में 3-5 पंचायतों तथा नगरीय क्षेत्रों में 3-4 वार्डो के समूह के क्लस्टर बनाये जायेंगे। दस्तावेजों का सत्यापन इन क्लस्टरों में किया जायेगा, जिससे किसी भी आवेदक को सत्यापन के लिये अपने घर से दूर न जाना पड़े। सत्यापन के लिए तारीख, समय और स्थान की सूचना मोबाइल में मैसेज के द्वारा आवेदक को मिलेगी। रोजगार अधिकारी आर.जे.राम ने जानकारी देते हुए बताया कि बेरोजगारी भत्ते की पात्रता उन्हीं को है जिनका पंजीयन कम से कम 2 वर्ष पुराना है। नया पंजीयन कराने वालों को बेरोजगारी भत्ते की पात्रता नही है। उन्होंने कहा कि आवेदन करने के लिये रोजगार कार्यालय आने की आवश्यकता नही है। क्योंकि आवेदन के लिए शासन ने एक अलग पोर्टल बनाया है, जिसके माध्यम से सिर्फ ऑनलाइन आवेदन लिए जायेंगे। ऐसे में पोर्टल पर घर बैठे आवेदन भरा जा सकता है। च्वॉइस सेंटर्स के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। आवेदन का फार्म भरने के पूर्व आवेदक एक वर्ष के भीतर का आय प्रमाणपत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, कक्षा दसवीं की मार्कशीट या प्रमाण पत्र जिसमें जन्मतिथि लिखी हो, कक्षा 12 वीं की मार्क शीट या प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो एवं रोजगार पंजीयन कार्ड तैयार रखें, क्योंकि यह दस्तावेज आवेदन फार्म में अपलोड करने होंगे। जानकारी ली जा रही है, जिसका सत्यापन बैंक मैनेजर से कराने के बाद बेरोजगारी भत्ते की राशि आवेदक के बैंक खाते में प्रतिमाह सीधे भेजी जायेगी।

## नाचा समितियों को प्रोत्साहन स्वरूप दिए जाएंगे 10-10 हजार रुपए: भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान आज दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के दौरे पर ग्राम निकुम पहुंचे। श्री बघेल यहां स्वर्गीय दाऊ रामचंद्र देशमुख प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत महोत्सव में शामिल हुए। तीन दिवसीय नाचा महोत्सव का आज अंतिम दिन था। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू और वन मंत्री मोहम्मद अकबर भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने नाचा का आनंद लिया।**




मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के अभाव को प्रहसन के माध्यम से बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री ने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के कला जगत के पुरोधा स्वर्गीय डॉ रामचंद्र देशमुख जी ने राज्य की संस्कृति को पुनर्जीवित किया।

उन्होंने कहा कि देशमुख जी ने नाचा कलाकारों को नए ढंग से प्रशिक्षण देकर सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से देश विदेश में अपनी संस्कृति को बढ़ावा दिया। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है। हरेली, विश्व आदिवासी दिवस, कर्मा जयंती, छेरछेरा आदि अन्य पर्व में स्थानीय अवकाश की घोषणा की गई है।

इसी क्रम में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का भी आयोजन किया गया जिसमें 26 लाख प्रतियोगियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों के पुरस्कार के लिए 25 करोड़ का प्रावधान भी किया गया है।

मुख्यमंत्री ने नाचा समितियों को प्रोत्साहन स्वरूप 10-10 हजार रुपए देने की भी घोषणा की और कहा कि उनकी आर्थिक स्थिति में कैसे सुधार हो, यह सुझाव विचारणीय है। उन्होंने कहा कि किसान अन्नदाता के रूप में पहचाने जाते हैं। छत्तीसगढ़ देश का इकलौता ऐसा राज्य है जहां इनपुट सब्सिडी और समर्थन मूल्य मिलाकर किसानों को धान का सर्वाधिक मूल्य दिया जा रहा है। अगले खरीद सीजन से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल की जा रही है। उन्होंने भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर और दीपक तारम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा मंच में चेत करो तन के पुस्तक का विमोचन भी किया।

स्थानीय विधायक एवं गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने क्षेत्र के विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किए जाने पर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दुर्ग जिले के प्रभारी मंत्री श्री मोहम्मद अकबर, क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, छत्तीसगढ़ नाचा गम्मत समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# श्रीहनुमान जन्मोत्सवः प्रदेश भर से आएंगी भव्य झांकी, 151 मंदिरों से निकाली जाएगी ध्वज यात्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। शहर में भगवान श्री हनुमान जी की जन्मोत्सव का भव्य आयोजन होने वाला है। हजारों की तादाद में पूरे प्रदेश भर से हनुमानजी के भक्त इस आयोजन में शामिल होने वाले हैं। सिर्फयही नहीं प्रदेश के प्रत्येक जिले से आकर्षक और मनमोहक झांकियां और डीजे भी इस आयोजन में शामिल होंगे।**



सेक्टर 1 मां शारदा मंदिर से सेक्टर 9 हनुमान मंदिर तक होगी ध्वज यात्रा। मंदिरों से भक्त ध्वज लेकर निकलेंगे और पूरे शहर का भ्रमण करते हुए सेक्टर 9 हनुमानजी के मंदिर पहुंचेंगे। जहाँ सबसे पहले भगवान श्री हनुमान जी की भव्य महा आरती की जाएगी। हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा।

इसके बाद महाप्रसादी का वितरण करेंगे। इस आयोजन में प्रमुख रूप से भिलाई के युवा विधायक श्री देवेंद्र यादव भी शामिल होंगे। हजारों भक्त एकसाथ हनुमान चालीसा का पाठ कर शहर के हर परिवार के सुख शांति समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे।



### आकर्षक झांकी के होंगे दर्शन

भगवान श्री हनुमान जी की जन्मोत्सव के भव्य आयोजन में शहरवासियों को विशाल और विशेष आकर्षके झांकी का नजारा देखने को मिलेगा। प्रदेश भर से अलग अलग जिले से झाँकी आएगी । जो डीजे के साथ पूरे शहर का भ्रमण करेगी।

### 50 हजार भक्तों के लिए बनेगा महाप्रसादी

जय श्री हनुमान वाहिनी हर साल भगवान श्री हनुमान जी की जयंती बड़े ही उत्साह और धूमधाम से पूरे श्रद्धा पूर्वक मानती है। पिछले बार 101 मंदिरों से ध्वज यात्रा निकाली गई थी और 50 हजार भक्तों को महाप्रसादी का वितरण किया गया था। इस साल 151 मंदिर से ध्वज यात्रा निकालेंगे और 70 हजार से अधिक भक्तों को महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

Jaquar Roca Parryware Wow, what a bathroom! AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर, अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# दो बेटो ने पिता की हत्या कर फांसी पर लटकाया शव, पुलिस को चकमा देना चाहते थे आरोपी

### पिता की हत्या के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

श्रीकंचनपथ न्यूज



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में पिता की हत्या कर उसे आत्महत्या का मामला साबित करने के प्रयास करने वाले आरोपी बेटो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना रविवार की है। दरअसल पिता ने खेत बेचा था और उससे लाखों रुपए मिले। बेटों को इन रुपयों में से एक पैसा भी नहीं मिला जिससे नाराज होकर दोनों बेटों ने पिता की हत्या कर शव को फंदे पर लटका दिया। हालांकि इनकी साजिश सफल नहीं हुई और पुलिस ने दोनों आरोपी बेटों को गिरफ्तार कर लिया।

यह पूरा मामला पिथौरा थाना क्षेत्र के कौड़िया पारा गांव की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कौडिया पारा निवासी पुरुषोत्तम यादव (26) ने रविवार की सुबह थाने पहुंचकर अपने पिता मंगलू यादव (70) द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की जानकारी दी। सूचना के बाद मौक पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाया और शुरुआती जांच में पाया कि शव के शरीर पर चोट के निशान है। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में भी हत्या की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में शक के आधार पर पुरुषोत्तम यादव व उसके बड़े भाई जगदीश यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

### 26 लाख रुपए के लिए कर दी पिता की हत्या

पुलिस की पूछताछ में दोनों भाइयों ने पूरी सच्चाई बता दी। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले उनके पिता मंगलू यादव ने दो एकड़ खेत बेची थी। इसके एवज में पिता को 26 लाख रुपए मिले थे। बेटो ने सोचा कि इन रुपयों में उन्हें भी कुछ मिलेगा। लेकिन पिता ने दोनों बेटों को एक भी रुपया नहीं दिया। शनिवार की रात को दोनों बेटों ने मंगलू यादव से मारपीट की जिससे वह बेहोश हो गया। इसके बाद उसे फंदे पर लटका दिया। रविवार को थाने पहुंचकर पिता के आत्महत्या करने की झूठी कहानी बता दी लेकिन यह कहानी ज्यादा देर तक ठिकी नहीं। पिथौरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या व साक्ष छिपाने का मामला बनाकर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# नौकरी लगाने के नाम पर महिला से ठगो लाखों रुपए



**जांजगीर-चांपा (ए)।** विधवा महिला को चिरमिरी निवासी युवक ने पहले तो उसे सस्ते दाम पर जमीन देने का झांसा देकर उससे 3 लाख 95 हजार रुपए की ठगी कर ली। फिर उसके कुछ महीने बाद उसने अपने दोस्त के साथ मिलकर महिला बाल विकास विभाग में सुपरवाइजर और जल संसाधन विभाग में कम्प्यूटर ऑपरेटर की नौकरी लगाने के नाम पर 8 लाख 22 हजार सहित कुल 12 लाख 17 हजार की ठगी कर ली, इधर वारदात के बाद शिकायत मिलने पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है।

पुलिस के अनुसार बोरदा निवासी कविता कश्यप (31 साल) के पति गणेश राम कश्यप की 27 जुलाई 2017 को मध्य भारत पेपर मिल में एक हादसे के दौरान मौत हो गई। पति की मौत के बाद वह बच्चों के साथ अपने पिता जयशंकर कश्यप के साथ चिरमिरी में रहती है। इसी बीच चिरमिरी के कालरी में काम करने वाले तुस्मा निवासी खीकराम के बेटे बलराम राही से हुई। बलराम राही ने कविता को व्यापार करने के लिए तुस्मा के सड़क किनारे लगी जमीन को सस्ते रेट पर बेचने का झांसा दिया। कविता भी उनके झांसे में आ गई।

दोनों के बीच 1 लाख रुपए डिसमिल की दर से रेट तय हुआ। तय सौदे के अनुसार कविता ने उसे 3 लाख 95 हजार रुपए अलग-अलग किस्तों में दी, जबकि उक्त जमीन उसके नाम पर ही नहीं थी। इसके कुछ दिनों के बाद बलराम राही ने अपने दोस्त होरीलाल पंकज की मंत्रालय में ऊंची पहुंच होने की जानकारी दी और उसे बोरदा में महिला एवं बाल विकास विभाग में सुपरवाइजर और जल संसाधन विभाग में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद में नौकरी लगाने का झांसा देकर उससे 6 लाख 17 हजार रुपए की ठगी कर ली, इधर कई महीने गुजरने के बाद उसकी न कहीं कोई नौकरी लगी और न ही आरोपी ने उसके नाम पर जमीन की रजिस्ट्री कराई।

वारदात के बाद पीड़िता थाना पहुंची और इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी बलराम राही और उसके दोस्त होरीलाल पंकज के खिलाफ धारा 34, 420 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## खास-खबर



### सूने मकानों को निशाना बनाने वाला शातिर गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** सूने मकानों का ताला तोड़कर चोरी करने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के साथ 2 नाबालिगों को भी पकड़ा गया है। आरोपियों ने थाना खमतराई क्षेत्रांतर्गत उरकुरा स्थित 3 अलग-अलग मकानों का ताला तोड़कर वहां हाथ साफ किया था। आरोपियों के कब्जे से चोरी के गैस सिलेण्डर, सोने-चांदी के जेवरात, एलईडी टीव्ही, साउंड सिस्टम, सेटअप बाक्स, स्टैण्ड फैन, सीलिंग फैन, इंडक्शन चूल्हा, रिफाईन तेल का टीपा, चावल, कांसा का थाली व लोटा जब्त किया गया है। जप्त मशरूका की कुल कीमत लगभग 80,000/- रुपए है। दरअसल खमतराई थाना क्षेत्र में एक के बाद एक सूने मकानों में चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारीयों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर-अपराध अभिषेक माहेश्वरी, नगर पुलिस अधीक्षक उरला अविनाश मिश्रा तथा थाना प्रभारी खमतराई निरीक्षक सोनल ग्वाला को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया।

### गोडाउन से 10 लाख रुपए का गुटखा जब्त

# फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट और पुलिस की टीम ने की छापेमार कार्रवाइ, एफआईआर दर्ज

**दुर्ग (ए)। दुर्ग जिले में कुछ लोगों द्वारा गैर कानूनी तरीके से तंबाकू युक्त गुटखा बनाया जा रहा है। इसका खुलासा तब हुआ जब खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दुर्ग पुलिस के साथ यहां छापेमारी की। टीम ने दुर्ग के सौरभ जसवानी के गोडाउन से 89 बोरा अमानक गुटखा जब्त किया है। इसकी कीमत 10 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है।**



मोहन नगर थाने के टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि बीते 31 मार्च को उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी। दुर्ग के वार्ड 24 देशलहरे नगर में अमानक तंबाकू युक्त गुटखा बनाया जा रहा है। पुलिस ने पहले वहां की जानकारी ली। जब खबर पुख्ता हो गई तो इसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को सूचना दी। इसके बाद पुलिस और फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की टीम ने मिलकर देर रात वहां छापेमारी की। जिस गोडाउन में टीम ने छापा मारा वहां से 89 बोरा पान मसाला का भंडारण मिला। जब्त गुटखा की कीमत लगभग 10 लाख रुपए बताई जा रही है।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम से मिली जानकारी के मुताबिक गोडाउन से अमानक गुटखा जब्त किया गया है वो सौरभ जसवानी पिता नामदेव जसवानी का है। उनके द्वारा मौके पर एफएसएसएआई अनुज्ञप्ति प्रस्तुत नहीं की गई। इससे उस गोडाउन को सील कर दिया गया है। इसके साथ ही गोडाउन के मालिक को नोटिस देकर खाद्य अनुज्ञप्ति पत्र खाद्य सुरक्षा विभाग के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया दंडनीय अपराध

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ऋचा शर्मा ने बताया कि छापेमार कार्रवाई में उनके साथ विभाग से नारद कोमरे और मोहन नगर पुलिस मौजूद थी। वहां बिना खाद्य अनुज्ञप्ति के अमानक पान मसाला का भंडार मिला है। यह खाद्य पदार्थ विक्रय वितरण भंडारण निर्माण खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 विनियम 2011 के धारा 31 के तहत एक दंडनीय अपराध है। इस अपराध में आरोपी को जेल तक जाना पड़ सकता है। विभाग आरोपी पक्ष के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है।

# ड्यूटी के लिए निकली शिक्षिकाओं को ट्रक ने रौंदा, एक की मौत, दूसरी गंभीर



**बालोद (ए)।** बालोद के गुरूर थाना क्षेत्र में बड़ा हादसा हो गया। रविवार को बोर्ड परीक्षाओं की कॉपी जांचने जा रही दो शिक्षिकाओं को ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में एक शिक्षिका की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी शिक्षिका की स्थिति गंभीर है। बताया जा रहा है कि जिस शिक्षिका की मौत हुई है वह टीचर्स एसोसिएशन की महिला जिलाध्यक्ष थी।

प्राप्त जानकरी के अनुसार शिक्षिका अनीता बघेल व मीना साहू दसवीं बोर्ड परीक्षा की कॉपी जांचने के लिए स्कूटी से बालोद जा रही थी। जब वे भरदा गांव के पास हनुमान मंदिर के पास पहुंची तब एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें ठोकर मारते हुए अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय निवासियों के अनुसार तीन ट्रक आगे-पीछे आ रहे थे इसी के चलते यह हादसा हुआ। शिक्षिका नीता बघेल ट्रक की ठोकर से स्कूटी से सड़क में जा गिरी और ट्रक के चक्के ने उनका पूरा सर कुचल दिया। जिसके चलते शिक्षिका नीता बघेल की मौके पर ही मौत हो गई। वही दूसरी शिक्षिका मीना साहू भी ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने आकर घायल शिक्षिका मीना साहू को पहले गरूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया पर शिक्षिका की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला हॉस्पिटल बालोद रेफर कर दिया गया है।

### बिलासपुर में पुलिस का नशे के खिलाफ निजात अभियान

# 2 महीने में 1303 लोगों को किया गिरफ्तार, अब जनजागरूकता कार्यक्रम और काउंसलिंग की तैयारी

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में पुलिस नशे के खिलाफ निजात अभियान चला रही है। जिसका असर भी देखने को मिल रहा है। इस अभियान के तहत सिर्फ 2 महीने में ही कुल 1303 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। जिनमें से गैर-जमानती प्रकरणों और नशे से जुड़े किए गए प्रतिबंधात्मक प्रकरणों में कुल 228 आरोपी जेल भेजे गए हैं। इसके अलावा अब व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम और काउंसलिंग की तैयारी भी पुलिस कर रही है।



इस वर्ष फरवरी माह से पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर बी.एन. मीणा, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह की उपस्थिति में अवैध नशा के खिलाफ अभियान निजात की शुरुआत की गई थी। संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में बिलासपुर के सभी थाना अंतर्गत अवैध नशा के कार्य में संलिप्त लोगों के खिलाफ ताबड़तोड़ तरीके से कार्रवाई की गई है।

बताया गया है कि आबकारी के कुल 1212 दर्ज प्रकरणों में 2413 लीटर शराब जब्त किए गए हैं। आबकारी में गिरफ्तार लोगों में बड़ी संख्या सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन कर हुडदंग करने वाले लोग हैं। एनडीपीएस प्रकरणों के 73 प्रकरणों में 280 किलो गांजा और अन्य नशीली वस्तुएं जब्त कर 89 आरोपियों को जेल भेजा गया है। अवैध शराब, गांजा के अलावा चरस 15 ग्राम, एमएएमडी 4.9 ग्राम, इंजेक्शन 3879 नग, टैबलेट 444 नग, सिरप 610 नग, बोनफिक्स 940 नग ट्यूब जब्त किया गया है। चेतावनी देने के बावजूद नशे के लिए सिरप बेच रहे मेडिकल संचालक और एक नशे का सामान बेच रहे एक डेयरी संचालक को भी गिरफ्तार किया गया है।


नशा में गाड़ी चलाने वाले 501 लोगों पर एमवी एक्ट के कार्रवाई करते हुए प्रत्येक प्रकरण को कोर्ट भेजा गया, जहां प्रत्येक ऐसे चालक पर दस-दस हजार रुपए का भारी-भरकम जुर्माना लगाया गया है। नशे के खिलाफ जन जागरूकता अभियान के तहत कुल स्कूल कॉलेज और सार्वजनिक जगहों पर 505 कार्यक्रम किए गए।

### बेकाबू ट्रक ने 2 लोगों को कुचला

# दोनों युवकों की मौके पर मौत हादसे के बाद लोगों ने किया जमकर हंगामा, आरोपी चालक फरार

**रायगढ़ (ए)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में हुए सड़क हादसे में 2 युवकों की मौत हो गई है। दोनों सड़क किनारे खड़े होकर ऐग रोल खा रहे थे। उसी दौरान ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। फिलहाल आरोपी चालक घटना के बाद से फरार है।

हादसा जूटमिल थाना क्षेत्र में हुआ है। डूमरमुड़ा गांव में प्रफुल्ल यादव(35) अपने एक साथी के साथ रविवार रात को गांव के चौक पर गया था। जहां ये हादसा हुआ है। दोनों युवक डूमरमुड़ा गांव के रहने वाले थे।



### हादसे के बाद ट्रक चालक फरार

जिस जगह पर हादसा हुआ है वह रायगढ़-ओडिशा नेशनल हाईवे है। ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी। यही वजह है कि ट्रक ने जब दोनों युवकों को टक्कर मारी, तब दोनों सिर के बल कुछ दूर जाकर गिर गए। और अधिक खून बह जाने के कारण दोनों की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया है।

उधर, घटना के बाद आस-पास के लोगों की भीड़ मौके पर पहुंच गई, और जमकर हंगामा किया। कहने लगे कि यहां आए दिन हादसे होते रहते हैं। मगर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। करीब एक घंटे तक हंगामा चलता रहा। फिर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद लोगों को शांत कराया गया। उन्हें आश्वासन दिया गया है कि ड्राइवर को जल्द गिरफ्तार कर लिया जएगा।

### 25-25 हजार रुपए की सहायता

मृतकों के परिजनों को 25-25 हजार रुपए सहायता राशि दी गई है। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। रात होने के कारण पीएम नहीं हो सका था। अब सोमवार को पीएम कर शव परिजनों को सौंपे गए हैं। पुलिस आरोपी ट्रक ड्राइवर की तलाश कर रही है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### बैठक में संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा कर आगामी कार्यक्रमों की तैयारी हेतु हुआ विचार विमर्श

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी की दुर्ग जिला स्तरीय बैठक भाजपा कार्यालय मे भाजपा प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा (कवर्धा) एवं जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल (रायपुर) की विशेष उपस्थिति तथा जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बूथ सशक्तिकरण अभियान के निष्पादन पर चर्चा एवं आगामी दिनों होने वाले कार्यक्रमों के बारे में वरिष्ठ नेताओं के द्वारा अपना उद्बोधन व मार्गदर्शन दिया गया साथ ही आगामी कार्यक्रमों के लिए नेताओं के बीच कार्य विभाजन किया गया। बैठक में भाजपा के प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान की सफलता हमारी विधानसभा लोकसभा चुनाव की जीत का सूत्रधार होगी और इस अभियान के संपादन को लेकर आप सभी चिंतित हैं फिर भी किसी ना किसी कारणवश से अभियान में काफी चुनौतियों का सामना हम सभी को करना पड़ रहा है, पर हम सभी निश्चित तौर पर इस चुनौतियों पर पार पाते हुए बूथ सशक्तिकरण अभियान को सफल बनाएंगे। उन्होंने उद्बोधन में आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने हर लक्ष्य निर्धारण और उसके आने को लेकर पीढ़ियों की बलिदानी को तैयार रहती है आज जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 का हटना एवं राम मंदिर का निर्माण हमारे लक्ष्य थे इसके लिए कार्यकर्ताओं ने पीढ़ियों से अपना बलिदान दिया है, उसी तरह हमें अपने कार्यों का संपादन भी करना है तथा पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल को प्रत्येक बूथ स्तर पर भव्य रुप से मनाने के लिए आह्वान किया।

### भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, निः शुल्क जांच एवं इलाज

**भिलाई।** सेल - भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आदर्श इस्पात ग्राम पीपरछेड़ी में विगत शुक्रवार 31 मार्च 2023 को सफलतापूर्वक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सी एस आर) विभाग द्वारा लगातार अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन किया जाता है जो सामाजिक ,पर्यावरण,खेल ,स्वास्थ्य,शिक्षा को लेकर किया जाता है इसी कड़ी में ग्राम पीपरछेड़ी में स्वास्थ्य शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ जिसमें 22 मरीजों को जांच करके उनको उचित सलाह और दवाई वितरण किया गया। ग्रामवासियों ने इस आयोजन की प्रशंसा की और भिलाई इस्पात संयंत्र का धन्यवाद दिया।

### सेल ने वित्त वर्ष 2022-23 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ वार्षिक उत्पादन हासिल किया

**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफइंडिया लिमिटेड (सेल) - इस्पात मंत्रालय के तहत एक महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई, ने 31 मार्च 2023 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान अब तक का सर्वोत्तम वार्षिक उत्पादन हासिल किया है। इस अवधि के दौरान कंपनी ने 194.09 लाख टन हॉट मेटल और 182.89 लाख टन कच्चे इस्पात का उत्पादन दर्ज किया है जो पिछले सर्वश्रेष्ठ की तुलना में क्रमशः 3.6% और 5.3% की वृद्धि थी। कंपनी लगातार अपने उत्पादन में वृद्धि करने के साथ-साथ मूल्य वर्धित और विशेष इस्पात उत्पादन पर ध्यान दे रही है।

#### बीएसपी तुझसे बैर नहीं, अत्याचारियों की खैर नहीं

# सेक्टर-9 हनुमान मंदिर पहुंचे एनफोर्समेंट के अधिकारियों के खिलाफ एकजुट हुए हिंदू संगठन

## अफसरों को नहीं दिखती डीपीएस की दीवार, नहीं नजर आते अधिकारियों के कब्जे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। बिना तहसीलदार और पुलिस प्रशासन के हिंदुओ की आस्था के प्रतीक सेक्टर 9 मंदिर में डोम शेड को तोडने् पहुंचे बीएसपी के अधिकारियों के खिलाफहिंदू संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। मंदिर परिसर में महिलाओं को मारने पीटने वाले बीएसपी के इंफोर्समेंट डिपार्टमेंट के अधिकारियों के खिलाफ हिंदू संगठन एक हो गये हैं। 'बीएसपी तुझसे बैर नहीं, महिलाओं पर अत्याचार करने वालो की खैर नहीं' के नारे के साथ अब भिलाई के सभी हिन्दू संगठन मोर्चा खोल दिया है। हिन्दू संगठनों ने पीड़ित पंडितों और महिलाओं को इंसाफदिलाने के लिए एनफोर्समेंट डिपार्टमेंट का घेराव करने की तैयारी कर ली है।**






विगत शनिवार को बीएसपी एनफोर्समेंट डिपार्टमेंट के अधिकारी सेक्टर 9 हनुमान मंदिर के पास डोम शेड को तोडने् पहुंचे थे। भक्तों और पुजारियों ने जब इसके लिए मना किया तो अधिकारियों ने पुजारियों और महिलाओं पर हाथ उठाया, उनके साथ झुमा छुटकी और मारपीट की। भक्तों को भी नहीं बख्शा गया। इससे पहले भी बीएसपी के इंफोर्समेंट डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने सेक्टर 8 स्थित मंदिर को तोड़ा था।

उस समय भी लोगों ने मंदिर नहीं तोडने् का अनुरोध किया था। पर अधिकारियों ने अपना ईगो सेटिस्फाई करने के लिए मंदिर परिसर को नुकसान पहुंचाया। हिंदू संगठनों के प्रबल विरोध के बाद बीएसपी के अधिकारियों ने इस मामले में माफी भी मांगी थी। पर अधिकारियों के खिलाफ जनभावना को ठेस पहुंचाने को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे उनके हौसले बुलंद हो गए। सेक्टर 9 के हनुमान मंदिर में भिलाई ही नहीं पूरे प्रदेश के नागरिकों की आस्था है। यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्त दर्शन करने आते हैं। भिलाई से बाहर जाकर महानगरों और विदेशों में बस गए भक्त भी जब-जब भिलाई आते हैं, हनुमानजी के दर्शन करने यहां जरूर आते हें। हनुमान जयंती पर तो यहां भोर से ही भक्तों का रेला शुरू हो जाता है जो देर रात तक चलता है। डोमशेड इन भक्तों को तेज गर्मी से राहत दिलाने के लिए बनाया गया था। 6 अप्रैल को हनुमान जयंती है। ऐसे में इस समय डोमशेड तोडने् की कोशिश करने को हिन्दू संगठन भक्तों की आस्था पर हमला मान रहे हैं। हिंदू संगठनों ने साफ कर दिया है कि अब वे शांत नहीं रहेंगे। हिन्दुत्व और महिलाओं के सम्मान की रक्षा के लिए वे आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। हिंदू संगठनों ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यह लड़ाई भिलाई इस्पात संयंत्र से नहीं है। यह लड़ाई उन अत्याचारी अधिकारियों के खिलाफ है जो पंडितों, भक्तों और महिलाओं का सम्मान करना नहीं जानते।

### डीपीएस रिसाली और अन्य कब्जों पर मेहरबानी?

बीएसपी की जमीन पर ही डीपीएस स्कूल है रोड तक घेर के बाउंड्री वॉल बना रखा है। हिन्दू संगठनों ने पूछा है कि उन पर कार्यवाही क्यों नहीं होती? बीएसपी के अधिकारियों ने भी अपने बीएसपी आवासों में भारी भरकम अतिरिक्त निर्माण किया है। उनके खिलाफ कभी कोई कार्रवाई क्यों नहीं होती?

### तोडू दस्ते ने प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया

हिन्दू संगठनों ने कहा है कि हिंदू धर्म की आस्था पर हमला करने वालों ने सार्वजनिक मंदिर पर कार्रवाई के लिए प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया। बीएसपी को बिना तहसीलदार और पुलिस प्रशासन के कार्यवाही नहीं करनी चाहिए थी। आज जो कुछ मंदिर परिसर में हुआ है वह कल किसी के भी घर में हो सकता है। ऐसी गुंडागर्दी नहीं चलने दी जाएगी।

## भगवान की जन्म कल्याणक का सभी वर्ग के लोगों में उत्साह हो रहे है विभिन्न आयोजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** भगवान की जन्म कल्याणक का सभी वर्ग के लोगों में उत्साह देखते ही बन रहा आज प्रात: वीर संदेश रैली विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर रक्तदान शिविर मेहंदी मांझी तथा पिंटू स्वामी की भक्ति संध्या ने आज सभी का दिल जीत लिया आज के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जैन समाज का सभी वर्ग बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वीर संदेश यात्रा से नसिया जी तीर्थ से प्रारंभ होकर गंजपारा गांधी चौक दिगंबर जैन मंदिर मोती काम्प्लेक्स पोलसाय पारा स्टेशन रोड ग्रीन चौक गुरुद्वारा रोड राजेंद्र पार्क चौक बस स्टैंड महावीर कॉलोनी रिशब कालोनी पटेल चौक होते हुए वीर संदेश यात्रा का गण पुरानी गंज मंडी में समापन हुआ

वीर संदेश यात्रा में बड़ी संख्या में युवक युवतियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भगवान महावीर की जय के उद्घोषक के साथ यात्रा समाप्त की। भगवान महावीर जन्म महोत्सव के अवसर पर श्री महावीर जैन विद्यालय विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन जिसमें 1750 मरीजो ने अपना पंजीयन कराया जैन समाज के सेवा भाभी चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी लाइफ केयर के सदस्यों ने चिकित्सा शिविर में अपना सहयोग दिया शिविर मेंदुर्ग भिलाई क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से मरीज स्वास्थ्य लाभ के दृष्टिकोण से जांच कराने पहुंचे मैत्री डेंटल कॉलेज अंजोरा वहां की सेवा भाभी दंत चिकित्सकों से जांच कराई और उन्हें संस्था की ओर से निशुल्क दवाइयां वितरित की गई


इसी तरह महावीर इंटर कॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गनाइजेशन के सदस्यों के सहयोग से 400 से अधिक नेत्र रोगियों का की जांच मशीन द्वारा जांच की गई और उन्हें चश्मा एवं आंख में डालने हेतु दवाई वितरित की गई शिशु रोग जनरल मेडिसिन मधु में कार्डियोलॉजी ईस्ट चर्म रोग न्यूरोलॉजिस्ट स्त्री रोग एक्सरे सोनोग्राफी फिजियोथेरेपी कैंसर रोक नेत्र रोग हड्डी रोग पेट रोग ना कान गला रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर ने आज आज बड़ी संख्या में मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया पश्चात निशुल्क पैथालॉजी जांच एक्सरे एन्डोस्कोपी सोनोग्राफी के लिए रेफर किया। यह जांच श्री महावीर पैथालॉजी शनिचरीबाजार दुर्ग में सभी प्रकार की पैथालॉजी जांच एवं एक्सरे निशुल्क की गई। देशना फाउंडेशन बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभा स्थल में सबको रेखा वितरण किया और मरीजों को एक-एक सकोरा वितरित किया लाइफ केयर में पांच दिनों तक चिकित्सा शिविर में दिखाने वाले मरीज इस छुट का लाभ ले सकते हैं परमात्मा महावीर के नाम जैन समाज की महिलाओं ने आज अपने हाथों में मेहंदी रचाई हर्ष और उल्लास के वातावरण में जैन समाज के महिलाओं ने इस आयोजन में जबरदस्त सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी मनोहर महिला मंडल के सदस्यों के सहयोग से आज दोपहर ढाई बजे मेहंदी मांझी का सांस्कृतिक आयोजन बेहद सफल रहा।

## सुनहरी, दूधिया, रोशनी के बीच तिरंगे रोपवे की रोशनी से जगमग हुआ दुर्ग शहर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शहर के इतिहास में पहली बार पूरा शहर रोशनी से जगमगा रहा है। जीई रो़ड पर गोल्डन कलर की रोप लाइट और दूधिया स्ट्रीट लाइट की रोशनी से दुर्ग शहर का सबसे मुख्य मार्ग रौशन है। दुर्ग शहर में पहली बार इतनी शानदार स्ट्रीट लाइट व्यवस्था की गई है। विधायक अरुण वोरा के लगातार प्रयासों से दुर्ग शहर महानगरीय तर्ज पर विकसित हो उठा है।

पीडब्लूडी के लाइट एंड मशीनरी विभाग ने करीब 11 करोड़ की लागत से जीई रोड पर प्रकाश व्यवस्था की है। दुर्ग शहर में नेहरू नगर चौक से पुलगांव के मिनीमाता चौक तक 64 करोड़ की लागत से जीई रोड के उन्नयन और सौंदर्यीकरण के कई कार्य अभी बाकी हैं, लेकिन इस कार्य से शहर की रौनक बढ़ गई है। इस मार्ग से गुजरते हुए शहरवासियों को सुखद अहसास हो रहा है। शाम होते ही चौड़ी सड़क पर बिखरी रोशनी देखकर ऐसा लगता है मानो हम मैट्रो सिटी में आ गए हैं। विधायक अरुण



वोरा ने बताया कि भाजपा शासनकाल में दुर्ग शहर में विकास कार्य नहीं कराए गए। वहीं भूपेश सरकार ने सिर्फसाढ़े चार साल में ही दुर्ग शहर को सौंदर्यीकरण के कार्यों के साथ ही समग्र विकास की अद्भुत सौगातें दी हैं। यही वजह है कि आज दुर्ग शहर का मुख्य मार्ग खूबसूरत रोशनी से जगमगा रहा है। दुर्ग शहर को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विकसित करने की दिशा में कार्य किये जा रहे हैं। शहर के अन्य सभी मार्गों पर भी इसी तर्ज पर लाइट व्यवस्था की जाएगी। शीघ्र ही दुर्ग शहर को ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट, गौरव पथ के उन्नयन और शिवनाथ नदी मार्ग के उन्नयन सहित अन्य कई सौगातें मिलने जा रही हैं।

## महाविद्यालयीन छात्रों के कौशल विकास के लिए भिलाई सीए ब्रांच देगा प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सीए भिलाई ब्रांच द्वारा ऑडिटर्स के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन सीए भवन सिविक सेंटर में किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में रायपुर के सीए साक्षी गोपाल अग्रवाल उपस्थित रहे, जिन्हें ऑडिटर्स को वार्षिक अकाउंट बुक्स की क्लोजिंग के दौरान किन-किन बातों का ध्यान रखना है, उसकी जानकारी दी।**



उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से नया वित्तीय वर्ष शुरू हो चुका है, ऐसे में सभी ऑडिटर्स को 31 मार्च तक की एकाउंट बुक्स क्लोज कर नए बुक्स की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने 1 अप्रैल 2023 से कंपनीज के लिए सॉफ्टवेयर के माध्यम से अनिवार्य ऑडिट ट्रायल की भी जानकारी दी।

ब्रांच चेयरमेन सीए पायल नवीन जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यशाला के साथ ही ब्रांच ने रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस और श्री स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज के साथ एक एमओयू साइन किया है। जिसमें ब्रांच द्वारा महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के कौशल विकास, जीएसटी, आयकर एवं लेखापरीक्षा के संबंध में प्रशिक्षित करेंगे। एमओयू साइन के दौरान ब्रांच के पूर्व चेयरेमन सीए एनके टांक व सीए अमित राय, ब्रांच सचिव सीए अंकेश सिन्हा सहित रूंगटा कालेज के अभिषेक सोनी एवं डॉ. प्रीति यादव तथा स्वारूपानंद कालेज से प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला मुख्य रूप से उपस्थित थीं। मंच संचालन सीए शुभम जैन ने किया।

#### आंध्रा देवांग संघम् का उगादी मिलन समारोह

# विधायक देवेन्द्र यादव ने की बड़ी घोषणा बनेगा समाज का सामूदायिक भवन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** आंध्रा देवांग संघम् भिलाई के द्वारा रविवार को पारिवारिक उगादी मिलन समारोह का आयोजन कंचि कामाक्षी मंदिर परिसर सेक्टर-5 में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भिलाई निगम के एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू ने की। वहीं विशेष अथिति के रुपए में अग्निकुल समाज के प्रतिनिधि बोंगु पापाराव भी पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने समाज की बहुत पुरानी मांग को पूरा किया। आंध्रा देवांग संघम् भिलाई की मांग पर भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने सामूदायिक भवन निर्माण कराने की घोषणा की और इसके लिए जल्द ही समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर स्थल चयन व अन्य विषयों पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम के दौरान समाज के द्वारा विधायक देवेन्द्र यादव, लक्ष्मीपति राजू व बोंगु पापा राव का मोमेंटो देकर सम्मान किया गया।

कंचि कामाक्षी मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान विधायक देवेन्द्र यादव ने सबसे पहले आंध्रा देवांग संघम् के उगादी मिलन समारोह की बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि समय समय पर समाज के प्रतिनिधियों ने आकर सामूदायिक भवन की मांग की थी। देवेन्द्र यादव ने मंच से समाज के लिए सामुदायिक भवन की







घोषणा की। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही इसके लिए समाज के प्रतिनिधियों से बैठक करेंगे और उपयुक्त स्थल का चयन का काम शुरू कराया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता भिलाई निगम के एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू ने भिलाई शहर के सभी तेलुगू संगठनों को एक साथ आने का आह्वान किया और आंध्रा देवांग संघम् भिलाई के द्वारा की गई सामूदायिक भवन की मांग का समर्थन करते हुए मांग को विधायक देवेन्द्र यादव के माध्यम से पूरा करने का वादा किया।

### कार्यकारिणी का हुआ चुनाव

उगादी मिलन समारोह के दौरान आंध्रा देवांग संघम् भिलाई की नई कार्यकारिणी का चुनाव भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान पांच पदों पर चुनाव हुआ। इस दौरान जी भीमाराव अध्यक्ष व पी रामा राव कोषाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध चुने गए। वहीं उपाध्यक्ष जी मुकेश, सचिव के. केशव राव व सह सचिव के. यशोदा चुनी गई। संगठन के अन्य पदाधिकारियों का चयन व कार्यकारिणी का विस्तार आगामी बैठक में किया जाएगा। चुनाव कार्यक्रम का संचालन समाज के वरिष्ठ सदस्य बी दुर्गा राव द्वारा किया गया।

### हेल्थ कैंप में बीपी-शुगर की जांच

कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों के लिए फ्री हेल्थ चेकअप कैंप भी लगाया गया। इस दौरान यहां लाइफ केयर की हेल्थ टीम द्वारा ब्लड शुगर की जांच के साथ ब्लड प्रेशर की भी नि:शुल्क जांच की गई। हेल्थ चेकअप कैंप में समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर 200 से अधिक लोगों ने अपनी जांच कराई और मौजूद हेल्थ टीम से आवश्यक परामर्श भी लिया।

### डांस व गेम्स में बच्चों व बड़ों ने की प्रतिभागिता

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बीच डांस कॉम्पिटिशन व गेम्स का आयोजन किया गया। डांस कॉम्पिटिशन में बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। बच्चों ने आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके बाद पुरुषों व महिलाओं के साथ ही बच्चों के लिए गेम्स भी हुए। बच्चों के बीच चम्मच दौड़ का आयोजन किया गया। इसके बाद हाऊजी गेम भी खेला गया। कार्यक्रम के अंत में समाज के प्रतिनिधियों का उनके उतृष्ठ कार्यों के लिए सम्मान किया गया। प्रतियोगिता में विजयी सभी प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार भी दिया गया। कार्यक्रम के दौराप बेस्ट कपल का भी कॉम्पिटिशन रखा गया जिसमें समाज के वरिष्ठ सदस्य पी चलपति व पी आरूद्रा का चयन किया गया। बेस्ट कपल को भी मोमेंटों देकर सम्मानित किया।

## समझाइस का असर नही तो निगम ने सड़क पर फल, सब्जी व अन्य सामान बेच रहे दुकानदारों पर लगाया जुर्माना

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम बाजार विभाग द्वारा रविवार को मोर शहर मोर जिम्मेदारी अभियान के तहत शहर में यातायात व्यवस्था सुधार के लिए कवायद जारी है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर बाजार अधिकारी जावेद अली के मार्गदर्शन में रविवार को निगम अमला ने सिविल लाइन से लेकर साई दरबार, के आस पास होते हुए महिला समृद्धि बाजार होकर सुवा चौक जेल तिराहा तक के किनारे अवैध कब्जा कर पान ठेला, चाय, कपड़ा,गन्ना जूस,सब्जी पसरा सहित अन्य दुकान संचालित करने वालों को हटाने के साथ साथ सामान फैलाकर सब्जी बेचने वाले दुकानदारों और गमला पौधा बेचने वालों पर जुर्माने लगाया गया। साथ ही दुकानों से प्रतिबंधित पॉलिथीन मिलने पर भी कार्रवाही की गई।ठेले पर फल, सब्जी बेचने वालो से 100-200 रुपये जुर्माना वसूल किया। इसी तरह सड़क पर ठेला लगाकर फल और सब्जी बेचने पर 17 दुकानदारों का चालान कर 2300 रुपये वसूले।निगम अमला ने कहा कि सड़क एवं फुटपाथ पर दुकानें लगाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सड़कों एवं फुटपाथों पर अतिक्रमण न करें। रविवार को फिर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। दुकानदार अस्थायी अतिक्रमण स्वयं हटा लें।कार्रवाही के मौके पर बाजार विभाग के भुवनदास साहू, ईश्वर वर्मा,शशिकांत यादव,संकेत धर्माकर सहित टीम अमला मौजूद रहें। ज्ञात हो कि सर्विस रोड व सड़क किनारे अतिक्रमण की वजह से आवागमन में दिक्कत होती है।उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में मुख्य मार्ग के किनारे काबिज कब्जाधारियों को हटाने अभियान चलाया जा रहा है। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950